CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

हल्द्वानी, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा पेज 2




केएल राहुल का अर्धशतक, भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता खेल टाइम्स



बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी सम्पादकीय



गाजा में इजरायल ने मचाई 13 परमाणु बमों जितनी तबाहीः यूएन पेज 12


# भारत एक महान देश, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्तः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ**

शर्म अल शेख, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं।

उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रम्प ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रम्प पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे। मोदी की तारीफ करते समय ट्रम्प ने शहबाज की ओर



भी देखा। इस पर शरीफ ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प की बात का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वर्षों की पीड़ा और रक्तपात के बाद, गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है। अब मानवीय सहायता पहुंच रही है, जिसमें सैकड़ों ट्रक भरकर भोजन, चिकित्सा उपकरण और अन्य सामग्री शामिल है, जिसका अधिकांश भुगतान इस कमरे में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। नागरिक अपने घरों को लौट रहे हैं। बंधकों का पुनर्मिलन हो रहा है... एक नए और खूबसूरत दिन को उगते देखना बहुत ही सुंदर है और अब पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। इस दौरान ट्रम्प ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में कहा कि यह मध्य पूर्व से परे दुनिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि गाजा का समर्थन लोगों के उत्थान के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन हम अतीत में हुए रक्तपात, घृणा या आतंक से जुड़ी किसी भी चीज को वित्तपोषित नहीं करना चाहते। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इसे विसैन्यीकृत किया जाए और गाजा में लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए एक नए ईमानदार नागरिक पुलिस बल की स्थापना की जाए।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-1 लागू

- बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाया गया कदम
- 211 दर्ज किया गया एक्यूआई, लगेंगी पाबंदियां

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सितम्बर में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** सितम्बर महीने में थोक महंगाई दर में मामूली गिरावट देखी गई। इस दौरान खाने-पीने की चीजों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी दिखी। इसके असर से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.13 प्रतिशत पर पहुंच गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई। थोक महंगाई दर अगस्त में 0.52 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष सितम्बर में 1.91 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितम्बर 2025 में थोक महंगाई के सकारात्मक रहने का कारण खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य वस्तुओं, परिवहन उपकरणों और कपड़ों के विनिर्माण कीमतों में वृद्धि है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सितम्बर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दिखी। अगस्त में इसकी कीमतें 3.06 कम हुई थी। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमतों में सितम्बर में 24.41 प्रतिशत की नरमी आई।

### कर्नाटक में मालूर विस का चुनाव रद्द पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मालूर विधानसभा का चुनाव रद्द करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रोक लगाते हुए पुनर्मतगणना का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले कांग्रेस विधायक नानजेगौड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका में सात मुद्दे तय किए थे, लेकिन एक पर भी फैसला नहीं सुनाया। इस दलील पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर रोक लगाई।

### वरिष्ठ पुलिस अफसरों के घर गिफ्ट ले जाने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर कोई भी पुलिसकर्मी या अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर उपहार, मिठाई या फूल लेकर न जाए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से जारी इस सर्कुलर में कहा गया है कि इस निर्देश का उल्लंघन अनुशासनहीनता मानी जाएगी और इसे प्रतिकूल दृष्टि से देखा जाएगा। यह आदेश जिला पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) मुख्यालय-द्वितीय बी. भारत रेड्डी द्वारा जारी किया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने किया दो आतंकियों को ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी सतर्कता के बीच सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों को भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले ऐसी कोशिशों में बढ़ोतरी की आशंका है।

# यूपी के 14.82 लाख राज्य कर्मियों को दिवाली गिफ्ट

## योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: सीएम योगी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन- प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।

### सीएम योगी महिलाओं को देंगे निःशुल्क सिलेंडर का उपहार

- आज लोकभवन सभागार में योजना का करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, ताकि वे ग्रामीण और वंचित परिवार जो अब तक लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले जैसे पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे, उन्हें एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल सके। इस योजना ने ग्रामीण भारत की रसोई को न केवल धुएं से मुक्त किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया।

# भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं पाक

## पहलगाम जैसी हरकत दोहराई, तो अंजाम होंगे भयावह

**पाकिस्तान को चेतावनी**




- पश्चिमी सेना के कमांडर का ऐलान
- ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक,
- कैसे ध्वस्त किए थे पाक में आतंकी ठिकाने डीजीएमओ ने दिखाए सबूत

**जम्मू/नई दिल्ली।** पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है।

पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

### कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहेः राजनाथ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है।

# देश में इस बार 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

## हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

दिसम्बर में ला नीना सक्रिय हो रहा है, जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है। ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर,




- मप्र-राजस्थान में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के ऊपरी हिस्सों पर पहाड़ों पर बर्फ जमने लगी है। डा. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है।

# चलती बस में लगी भीषण आग

## 10 से 12 लोगों के जिंदा जलने की आशंका

**जैसलमेर।** जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसे में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत करीब 15 यात्री झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में प्रथम दृष्ट्या करीब 10 से 12 लोगों के जिंदा जल जाने की आशंका है। जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरूआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार

अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पाने को भटक रहा है पूरन कुमार का परिवार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। वे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने लिखा- हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाल ही में जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उनका परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दीपावली के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

**बस्ती।** दीपावली के पर्व एवं अयोध्या दीपोत्सव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को कहा कि बस्ती परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान निरन्तर चौकसी बरत रहे हैं। 20 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान बस्ती जिले में भी सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से सटे सभी थाने, चौकियां सतर्क रहेंगी और हर आने-जाने पर पैनी निगाह रखेंगी।

## नगरों में तीव्र गति से बदल रहा विकास का स्वरूप

# यूपी में बनेगी व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं: सीएम योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा, नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिए न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। सीएम योगी ने कहा, नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली व पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए।

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि आत्मनिर्भर भारत की नींव: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्एक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले।

## सूचना का अधिकार सिर्फ कागजों पर जिंदा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता के शासन प्रशासन के कामकाज की जानकारी लेने वाले सूचना के अधिकार कानून को सिर्फ कागजों पर जिंदा रखा है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विस्तार से लेख लिखकर कहा है कि यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का क्रांतिकारी विचार था, लेकिन जनता के इस अधिकार को मोदी सरकार ने किस तरह से ध्वस्त कर दिया है, उसका विवरण इस लेख में है। खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने लेख के बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, कागज़ों पर तो आरटीआई जिंदा है, लेकिन व्यवहारिक तौर से मोदी सरकार ने इस क्रांतिकारी विचार की मशीनरी को ध्वस्त कर दिया है, जिसने कानून के जरिए ताकतवर लोगों को कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया था। मैं मोदी सरकार द्वारा आरटीआई कानून को कुचले जाने पर लिख रहा हूं।

## उप्र में आठ सालों के दौरान 256 दुर्दांत अपराधी ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ राज्य के 18 पुलिसकर्मी भी इस अवधि में मुठभेड़ों में वीरगति को प्राप्त हुए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ सालों में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। इस दौरान 18 पुलिसकर्मी भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मिशन शक्ति 5-0 के तहत पिछले बीस दिनों में एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में कई अपराधियों को मार गिराया, जबकि कई को हॉफ एनकाउंटर में दबोचा। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया, जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गई, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गए जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुई, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए।

## आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ सपा नेता ने कहा: लिखित आदेश न मिलने तक नहीं लूंगा सुविधा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक वह सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद आजम ने कहा कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी या दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने कहा है कि पहले वह सरकार का आदेश लेकर आएं, तभी वह इस व्यवस्था को मानेंगे। सपा नेता ने कहा कि जब एक बार के विधायक को केंद्र सरकार के कमांडो मिल सकते हैं, तो मुझे केवल वाई श्रेणी की सुरक्षा क्यों दी गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वाई श्रेणी की सुरक्षा में गाड़ी और अन्य खर्च का प्रावधान होता है, जिसका खर्च वह देने की स्थिति में नहीं हैं। जेल से बाहर आने के बाद से आजम लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।

अब सुरक्षा को लेकर दिया गया यह बयान एक बार फिर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सपा नेता पूर्व में 27 माह तक सीतापुर जेल में रहे थे। उस वक्त जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उनको सुरक्षा वापस दे दी थी,लेकिन उस वक्त सपा नेता ने सुरक्षा वापस कर दी थी। 23 माह बाद जेल से रिहा होने के सपा नेता आजम खां को पूर्व में दी गई वाई श्रेणी की सुरक्षा को वापस कर दिया गया है। वह छह पुलिस कर्मियों की निगरानी में चौबीस घंटे रहेंगे। सपा नेता आजम खां दस बार के विधायक, एक बार के लोकसभा सदस्य व राज्यसभा के सदस्य के साथ ही पांच बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2012-2017 तक कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां की मुश्किलें भाजपा सरकार आने के बाद 2019 से बढ़नी शुरू हुई थीं। उन पर कानूनी शिकंजा कसता चला गया। एक के बाद एक सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए। डूंगरपुर, यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व डकैती के साथ ही मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। 23 माह पहले उन्हें बेटे के जन्म प्रमाणपत्र के मामले में कोर्ट से सजा हुई थी, जिसके बाद बेटे अब्दुल्ला आजम खां व पत्नी डॉ. तजीन फात्मा के साथ जेल चले गए थे।

हालांकि अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं। उनको डूंगरपुर केस में भी सजा हो चुकी है। फिलहाल 23 माह बाद 23 सितम्बर को सीतापुर जेल से रिहा हो गए थे। जेल जाने से पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब वापस कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत पांच पुलिस कर्मियों की एक गारद आवास पर तैनात होगी, जबकि तीन सुरक्षा कर्मी सपा नेता के साथ रहेंगे। वहीं एसपी विद्या सागर मिश्र ने कहा कि सपा नेता को पहले से ही वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे खत्म नहीं किया गया था। अब फिर से सुरक्षा दे दी गई है।



सेंसेक्स 82029.98
निफ्टी 25145.50



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 184100
प्रति किलो



## वैश्विक तनाव से लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही। सुबह लगभग 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक (0.36 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,029.98 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में लगभग 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक.ांक भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे 25,145.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को देखते हुए निवेशकों ने शेयरों से पैसे निकालकर सोना और डेट में निवेश किया। इससे शेयर बाजार दबाव में रहे। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही और एनएसई के सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, रियलिटी, फार्मा, धातु, एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंक और स्वास्थ्य सेक्टरों पर अधिक दबाव रहा।

एनएसई में जिन 3,197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,266 के शेयर लुढ़क गए। वहीं 836 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि 95 के अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.92 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.80 प्रतिशत, बीईएल में 1.76, टाटा स्टील में 1.71 और टीसीएस में 1.56 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.40 फीसदी, ट्रेंट का 1.38, एशियन पेंट्स का 1.22 और एक्सिस बैंक का 1.08 फीसदी गिरकर बंद हुआ। सनफार्मा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बेंक, अडानी पोर्ट्स आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.25 प्रतिशत की तेजी रही।

आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 1.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

## स्वास्थ्य और सावधि जीवन बीमा की खरीद में जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा को कर मुक्त करने के बाद इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन बीमा कंपनी पॉलिसीबाजार ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर 2025 की तुलना में अक्टबूर में मांग में औसत वृद्धि ने कोरोना महामारी के दौरान देखी गई वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। उसके प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा की मांग में 1.7 गुना और सावधि (निश्चित समय के लिए) जीवन बीमा की मांग में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। पीबी फिनटेक समूह के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा जीएसटी कटौती की घोषणा ने छिपी हुई मांग को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर शून्य करने के सरकार के फैसले को एक प्रगतिशील सुधार बताया, जो अनगिनत परिवारों को आश्वस्त करता है और उद्योग को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के हर कोने तक तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## चावल, चीनी मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमत में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि चीनी महंगी हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 39 रिंगिट घटकर 4,460 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपए बढ़कर 3,855.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 2,853 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रही। आटे की कीमत आठ रुपए बढ़ी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 13 रुपए और सोया तेल की 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। वनस्पति 30 रुपए और मूंगफली तेल 87 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 23 रुपए महंगी हुई। तुअर दाल 193 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मूंग दाल की औसत कीमत तीन रुपए प्रति क्विंटल घट गई, जबकि उड़द दाल के भाव में टिकाव रहा। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत से युद्ध...** लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। वहींभारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरीदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल राजीव घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है।

## आत्महत्या करने वाले केरल के युवक के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केरल में आरएसएस के लोगों के कथित दुर्व्यहार के बाद एक युवक के आत्महत्या करने की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि संघ की शाखाएं अब शोषण का अड्डा बन गई हैं। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि प्रदर्शन के लिए सगठन के सदस्य बड़ी संख्या में सुबह से उनके कार्यालय पर पहुंच गए थे। प्रदर्शन शुरु होने से पहले ही वहां युवकों का जमवाड़ा हो गया था और जैसे ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा शुरु करने की इजाजत दी बड़ी संख्या में युवक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए संगठन के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हो गए।

## उप्र: कफ सिरप बनाने में हो रही अनदेखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने अपने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए

**लखनऊ।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया, तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है। सिरप और कच्चे माल के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए एफएसडीए की केंद्रीय टीम सोमवार से उत्तर प्रदेश में पहुंच गई है। हापुड़ में सिरप निर्माण में लगी फर्म की जांच की गई। मौके से पांच नमूने लिए गए हैं। आयुक्त और उप आयुक्त स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में गठित यह टीम स्थानीय औषधि निरीक्षक के साथ अलग-अलग जिलों में जाएगी। निर्माण में लगी कंपनी के साथ ही मेडिकल स्टोर से भी कफ सिरप के नमूने लेगी। इन नमूनों की जांच के बाद संबंधित निर्माता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में बरामद कोडिन कफ सिरप का बाजार पूरे प्रदेश में फैला है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उनके कारोबार के केंद्र में दवा से ज्यादा नशे में प्रयोग करने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने लखनऊ के मेडिकल स्टोरों से मिले दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कई जिलों में यहां से बड़ी खेप पहुंची है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सीएम ने दिए 196 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राज्य सरकार की वार्षिक योजना के अन्तर्गत ए०डी०बी० वित्त पोषित बाह्य सहायतित योजना में संचालित परियोजनाओं हेतु प्रावधानित बजट के सापेक्ष 105.09 करोड की धनरा. शि अवमुक्त किये जाने का अनुमा. `दन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उरेडा की सप्तेश्वर लघु जल विद्युत परियोजना (300 कि० वा०) के सिविल इलेक्ट्रोमैकेनिकल एवं विद्युत पारेषण लाईन के कार्यों हेतु 119.97 लाख की योजना की स्वीकृति का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा विभागान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 से गेम चेंजर योजनान्तर्गत राज्य के राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक) में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को प्रत्येक शैक्षिक सत्र में निःशुल्क नोटबुक उपलब्ध कराये जाने हेतु 52.84 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हरिद्वार के रूड़की में निर्माणाधीन ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के ऑटोमेशन कार्य हेतु 4.47 करोड़, मसूरी पुनर्गठन पम्पिंग पेयजल योजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर व्यय वित्त (नियोजन विभाग) द्वारा संस्तुत/परीक्षित लागत के तहत अवशेष धनरशि 19.69 करोड़, जनपद टिहरी गढ़वाल में भिलंगना विकासखण्ड के अन्तर्गत घनसाली शहर की भिलंगना नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु 3.18 करोड़, जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में सरयू नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना हेतु 4.85 करोड़ के साथ जनपद उत्तरकाशी में आयी भीषण आपदा को दृष्टिगत रखते हुए 5 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



## भव्य होगा पोषण माह अभियान का समापन : रेखा आर्या

**देहरादून।** राष्ट्रीय पोषण माह-2025 का समापन समारोह आगामी 17 अक्टूबर को होगा और इसमें सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रदेश भर से आंगनबाड़ी कार्यकत्री और विभिन्न महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के उचित पोषण को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना, सुनहरे 1000 दिन योजना, अन्नप्राशन और गोद भराई जैसे विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पोषण किट और महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया जाएगा ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंशी लाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नौकरियां मिलीं: 1456 अभ्यर्थियों को सीएम ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

## 1347 सहायक अध्यापक, 109 समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारियों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देने को लेकर गंभीरता दिखा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर में 1456 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसमें लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 109 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1347 सहायक अध्यापक (एल.टी. ) शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक विनोद चमोली, सचिव रविनाथ रमन, दीपेन्द्र चौधरी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की शासन व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसका प्रशासनिक तंत्र होता है। सचिवालय को राज्य की शासन व्यवस्था का मस्तिष्क कह सकते हैं, क्योंकि यहीं पर नीतियां बनती हैं, निर्णय लिए जाते हैं और विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का खाका तैयार किया जाता है। इस पूरी व्यवस्था को प्रभावी बनाने में समीक्षा अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलती है, तो वह अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ समाज और देश के लिए भी अमूल्य योगदान देता है। शिक्षक के कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उनके भीतर समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना का भी संचार करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सकें।

### बीआरपी व सीआरपी की भी होगी नियुक्तिः डॉ. रावत

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा शिक्षा विभाग में नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा जल्द ही बीआरपी, सीआरपी, बेसिक अध्यापकों और चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियां प्रदान की जायेगी। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों से कहा कि सबको दुर्गम क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। कुछ साल सभी को अनिवार्य रूप से दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देनी है।

### पारदर्शी व्यवस्था व मेरिट पर नौकरियों के अवसर: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार सालों में राज्य में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी में सेवायोजित किया जा चुका है। यह संख्या राज्य के गठन के पश्चात् से पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में मिली कुल नौकरियों से दो गुना से भी अधिक हैं। आज हमारे युवा पारदर्शी व्यवस्था और मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियों में अवसर पा रहे हैं। हाल ही में हरिद्वार के एक परीक्षा सेंटर पर एक व्यक्ति द्वारा नकल का एक प्रकरण सामने आया था। सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की जांच के एसआईटी का गठन किया। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए और युवाओं की मांग पर सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान कर पेपर को निरस्त करने का भी निर्णय लिया।

# सड़कों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 161 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अनारवाला मालसी मोटर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के पश्चात् उपलब्ध भूमि पर मार्ग पुर्ननिर्माण कार्य हेतु 3.19 करोड़, जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के गरखेत से तल्ला मेजु. लिया तक मोटर मार्ग के निर्माण मार्ग निर्माण हेतु 1.01 करोड़, जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन नैनीडांडा के अन्तर्गत कोटा से पिन्जोली तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 83.34 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा इस वित्तीय वर्ष के लिए लोक निर्माण विभाग हेतु चालू निर्माण कार्य वृहद निर्माण मद में 155 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा एस.सी.एस.पी. के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में ग्राम दोहरी वकील में आईआईएम के सामने नमो रेस्टोरेंट से बूटा सिंह आदि के घरों तक मार्ग निर्माण कार्य हेतु 50.16 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा इन योजनाओं से सम्बन्धित शासनादेश भी निर्गत कर दिए गये हैं।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए 11.50 करोड़ डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** श्रम विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त निर्देश दिए कि राज्य के सभी मनरेगा श्रमिकों को शीघ्रता पूर्वक भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में सचिव श्रीधर बाबू अदाकी, अपर सचिव विनीत कुमार व श्रम विभाग एवं भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अगले तीन महीनों के भीतर कम से कम 5 से 6 लाख श्रमिकों को बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं तभी प्रभावी सिद्ध होंगी जब अधिकतम श्रमिक इन योजनाओं से सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्रम विभाग एवं बोर्ड के अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे प्रत्येक श्रमिक तक पहुँच बनाएं और उन्हें सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की पूरी जानकारी प्रदान करें। कई बार जानकारी के अभाव में पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी किसी भी योजना में लापरवाही या ढिलाई नहीं की जानी चाहिए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं की जानकारी पंचायत स्तर तक पहुँचाई जाए और श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को अभियान रूप में चलाया जाए। राज्य सरकार श्रमवीरों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है। श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही राज्य की प्रगति की वास्तविक नींव है, और ऐसे में सरकार का दायित्व है कि उन्हें हर संभव सुरक्षा, सुविधा और सम्मान प्रदान किया जाए।

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा

"राज्य का विकास हमारे श्रमिक भाइयों-बहनों के परिश्रम पर आधारित है। उनके कल्याण में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सभी मनरेगा श्रमिकों को कल्याण बोर्ड के अंतर्गत लाना हमारा लक्ष्य ही नहीं, यह सरकार की जिम्मेदारी है। मेहनत हमारी ताकत है, एकता हमारी पहचान है। राज्य सरकार हमारे परिश्रमी श्रमवीरों के हर सुख-दुःख की सहभागी है। उनका कल्याण ही हमारी सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य है। बोर्ड से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे श्रमिकों के उत्थान हेतु हर संभव प्रयास करें और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करें।"

# 'भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ' का नारा देने की जरूरतः माहरा

## भाजपा नेता के दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार होने पर कांग्रेस ने पार्टी को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि एक और भाजपा का नेता दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार हुआ है। माहरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दिनों भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली के कारण हमारे प्रदेश के युवा जितेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर ली थी।



माहरा ने कहा कि भाजपा ने देशभर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया, मगर देवभूमि उत्तराखंड में हालात ऐसे हैं कि अब जनता खुद पूछ रही है कि आखिर बेटी को किससे बचाना है? क्योंकि एक-एक करके भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों के नाम उन जघन्य अपराधों में सामने आ रहे हैं, जिनसे समाज का सिर शर्म से झुक जाता है। अंकिता भंडारी की हत्या को कौन भूल सकता है? उस निर्दोष बेटी की हत्या में भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री का बेटा शामिल था। वह मामला आज भी न्याय की राह देख रहा है, लेकिन सत्ता ने अपने लोगों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये वही बेटी थी जो अपने परिवार का सहारा बनना चाहती थी, लेकिन उसे सत्ता के संरक्षण में पल रहे दरिंदों ने छीन लिया। इसके बाद भी घटनाओं की श्रृंखला थमी नहीं। संतरेसा में एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या हुई और आरोपी कौन निकला? भाजपा के ओबीसी मोर्चा का पदाधिकारी।

एक ऐसी पार्टी जो मंचों से संस्कारी भारत का सपना दिखाती है, उसी के भीतर ऐसे अपराधी बेखौफ बैठे हैं। माहरा ने कहा कि चंपावत में भाजपा का मंडल अध्यक्ष नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जमानत पर बाहर है। सल्ट में भी यही कहानी। वहां भी भाजपा का मंडल अध्यक्ष एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में जमानत पर है। इन सब मामलों में सरकार की चुप्पी किसी मौन स्वीकृति जैसी लगती है। लालकुआँ के दुग्ध संघ के चेयरमैन की करतूतें भी कम नहीं थीं। नौकरी का झांसा देकर महिला का शोषण करता रहा, और पार्टी ने तब तक आंखें मूंदे रखीं जब तक मामला सुर्खियों में नहीं आया। हरिद्वार में तो भाजपा की एक पदाधिकारी ने अपनी ही बच्ची के साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं। अब सवाल यह है कि जब सत्ता के भीतर बैठे लोग ही अपराध के प्रतीक बन जाएं, तब आम बेटियों की सुरक्षा किससे होगी? उन्होने कहा कि उत्तराखंड की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा का 'बेटी बचाओ' नारा दरअसल 'भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ' की हकीकत में बदल चुका है। ये देवभूमि है, यहां की मिट्टी में आस्था है, मगर सत्ता के गलियारों में अब शर्म और जवाबदेही दोनों गायब हैं। सरकार का मौन ही उसकी सबसे बड़ी स्वीकारोक्ति बन चुका है।

## उत्तराखंड में पहली बार सफल ड्यूल ट्रांसकैथेटर वाल्व रिप्लेसमेंट

**देहरादून।** श्री महन्त इन्दिरेश अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर एवं हेड यूनिट 1 डॉ साहिल महाजन ने एक ऐसी चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है, जिसने हृदय रोग उपचार के नए आयाम खोल दिए हैं। अस्पताल में पहली बार ड्यूल ट्रांसकैथेटर वाल्व रिप्लेसमेंट ;(ट्रांसकैथेटर वाल्व इन वाल्व एओर्टिक इम्प्लांटेशन विद सेल्फ एक्सपेंडिंग वाल्व और ट्रांसकैथेटर मिट्रल वैल्व इम्प्लांटेशन विद बलून एक्सपैंडेबल वाल्व ) की जटिल और दुर्लभ प्रक्रिया को बिना चीरा लगाए प्रोफेसर डॉ साहिल महाजन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मयंक अग्रवाल द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। श्री महन्त इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहन्त देवेन्द्र दास महाराज ने इस उपलब्धि पर कार्डियोलॉजी विभाग को बधाई दी। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के डॉक्टरों की यह उपलब्धि उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे उत्तरी भारत के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। यह प्रक्रिया उन मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो रही है। जिन्हें पहले सर्जिकल ड्यूल वाल्व रिप्लेसमेंट हो चुका है।

# बाल आयोग की बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर मथन

## बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता की अध्यक्षता में हुई सीडब्लयूसी, जेजेबी, व चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ समीक्षा बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को आईसीडीएस, सभागार, नन्दा की चौकी में बाल कल्याण के अंतर्गत संचालित संस्थाओं की बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ एक समन्वय व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य राज्य में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बाल अपराधों की रोकथाम तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक में आयोग के सचिव डॉ. शिव कुमार बरनवाल, अनुसचिव डॉ. सतीश कुमार सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता, डब्लूसीडी उत्तराखण्ड, अध्यक्ष/सदस्य, बाल कल्याण समिति हरिद्वार, सभी जनपदों की बाल कल्याण समिति ने आन-लाईन/आफ-लाईन प्रतिभाग किया गया, जिसमें निम्न पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा- बाल कल्याण समिति के नवगठित सदस्यों को कार्यों के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली गई। सीप. ीओ महिला कल्याण अंजना गुप्ता ने बताया कि राज्य के सभी जनपदों में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पोक्सो मामलों में वृद्धि-विभिन्न जनपदों से रिपोर्ट प्राप्त हुई कि 12 से 17 वर्ष के किशोरों के घर से भागने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनका प्रमुख कारण सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग की लत है। पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होना बताया गया है। स्पॉन्सरशिप योजना की स्थिति-अनाथ बच्चों को छः माह बाद भी योजनाओं का लाभ न मिलने की समस्या उठाई गई। सीपीओ द्वारा बताया गया कि मिशन वात्सल्य के पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही लाभ दिया जा रहा है और जल्द ही सभी पात्र बच्चों के खातों में राशि पहुंचाई जाएगी। पोक्सो से पीडित बालिकाओं को आर्थिक सहायता या अन्य कोई लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में सीपीओ ने बताया कि पोक्सो से पीड़ित बालिकाओं को एफआईआर व मेडिकल रिपोर्ट की प्रति संलग्न कर प्रति माह 6000 की आर्थिक सहायता वर्ष 18 की होने तक प्रदान की जा रही है।



### बाल आयोग अध्यक्ष ने दिए कई अहम निर्देश

बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना द्वारा सभी जनपदों को दिये गये कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक फॉर्म 46 (पृष्ठ संख्या 272, जेजेबी पुस्तक) के अनुसार रिपोर्ट तैयार कर डीपीओ के माध्यम से आयोग को प्रेषित की जाए, सभी रिपोर्ट को बाक्स फाइल में संग्रहित करते हुये आयोग को भी प्रेषित की जाये, महिला कल्याण विभाग व सीडब्ल्यूसी की संयुक्त मासिक बैठक सुनिश्चित की जाए, जनपद में मेलों में बाल कल्याण समिति का स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए, सभी डीपीओ द्वारा बाल कल्याण समिति को 6 सीयूजी नंबर उपलब्ध कराए जाएं, अनाथ व पीड़ित बच्चों को कौशल विकास योजना से जोड़ा जाए तथा एकल माता को भी राज्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए, पोक्सो पीड़ितों को समय पर सहायता राशि मिले और मामलों के निस्तारण के उपरांत भी काउंसलिंग जारी रखी जाए, चाइल्ड केयर संस्थानों से जुड़े मामलों में डीपीओ द्वारा जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ त्रैमासिक बैठक की जाए तथा कार्यवाही रिपोर्ट आयोग को भेजी जाए। आयोग अध्यक्ष डा गीता खन्ना द्वारा समीक्षा बैठक में बाल अधिकारों की सुरक्षा, बच्चों का हित, तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाने पर जोर दिया गया तथा बाल कल्याण समिति को बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी कार्य शीघ्रता से पूरे किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# मकानों पर नंबर प्लेट लगाने के टिहरी व उत्तरकाशी के आदेश रद्द

## सरकारी कार्यों में स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता का निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मकानों पर नंबर प्लेट लगाने के संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी, टिहरी गढ़वाल एवं उत्तरकाशी द्वारा जारी आदेशों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के साथ ही मामले की पूरी जांच कराने और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- वायरल पत्र का सीएम धामी ने लिया संज्ञान : दिए जांच के निर्देश
- सीएम धामी के निर्देश पर डीपीआरओ के आदेश किये गए निरस्त


उल्लेखनीय है कि टिहरी गढ़वाल एवं उत्तरकाशी जिले के जिला पंचायतराज अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन आदि कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार करने हेतु मकानों पर नम्बर प्लेट लगाने का कार्य एक बाहरी व्यक्ति को देने से संबंधित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। मुख्यमंत्री ने उक्त प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार के संकल्प के अनुरूप सभी योजनाएँ और कार्यक्रम जनहित, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू होने आवश्यक हैं। सभी कार्यों में स्थानीय लोगों के रोजगार और हितों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि रू. 10 करोड़ तक के सरकारी अधिप्राप्तियों में स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने हेतु सरकार के द्वारा जारी आदेशों का हर स्तर पर सख्ती से अनुपालन किया जाए।

# पर्यटन की सभी विधाओं पर तेज गति से हो रहा कामः महाराज

## उदयपुर में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/उदयपुर।** पर्यटन क्षेत्र भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देता है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखता है। हमारा प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिले तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ें।



यह बात उत्तराखण्ड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उदयपुर में पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की और से मंगलवार से शुरू हुए दो दिवसीय 'राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन' में सहभागिता करते हुए कही। उन्होंने उत्तराखंड की समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर साझा करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के पर्यटन क्षेत्र को और गति देने के लिए जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नए-नए पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने में लगे हैं वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पर्यटन की सभी विधाओं पर निरंतर तेज गति से काम हो रहा है। महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन अब जल, थल और आकाश तीनों क्षेत्रों में नये-नये कार्यक्रम लेकर आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड में भूमि साहसिक के क्रम में हाई अल्टीट्यूड मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जो पवित्र आदि कैलाश (4700 मी.) की ऊँचाई पर होगा। इसके अलावा जल साहसिक के तहत वॉटर फेस्टिवल, एको फेस्टिवल जैसे आयोजन और पर्यटकों के लिए नई गतिविधियाँ प्रारम्भ की जा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से आए पर्यटन मंत्रियों के साथ देश में सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

# जनहित के काम नज़रअंदाज़ न करें अधिकारी: बहुगुणा

## जनपद के प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सोमवार को देर सायं जिला कार्यालय सभागार में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों एवं आपदाग्रस्त क्षेत्रों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता और समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के साथ सरकारी धन के शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को चेता. वनी देते हुए कहा कि कार्यों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी कार्य का प्रस्ताव बनाने पर विभाग स्वयं उसकी मॉनिटरिंग करे। उन्होंने साफ किया कि यदि कोई कार्य समय पर पूर्ण नहीं होते हैं, तो यह विभाग की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनता के प्रति अपनी जवाबदेही दोहराते हुए कहा कि किसी भी कार्य को लंबित न रखा जाए। उन्होंने विभागीय अधिका. रियों को योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। विकास कार्यों के संबंध में मंत्री ने अधिशासी अभियंता जल निगम को मंडलसेरा पंपिंग योजना के साथ ही तरमोली पम्पिंग योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलों व अन्य कार्यों को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा के कार्य उन्हीं जगहों पर हों, जहां वास्तविक रूप में आपदा आई हो, और अधिकारियों को जनहित के कार्यों को नजरअंदाज न करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों एवं आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक पार्वती दास, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रभा गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, डीएफओ आदित्य रत्न, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 24 काश्तकारों को मिला 30 लाख का ब्याज मुक्त ऋण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नुमाइशखेत में आयोजित पांच दिवसीय सहकारिता मेले में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मेले के दूसरे दिवस पर प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 24 काश्तकारों को 30 लाख के ब्याज रहित ऋण व बहुदेशीय प्राथमिक सहकारी समिति आरे व बागेश्वर को माइक्रो एटीएम प्रदान किए। वहीं इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगितों में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए। सहकारिता मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये मेले जहां सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं, वहीं स्थानीय उत्पादकों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं को स्थानीय स्तर बाजार उपलब्ध कराते हैं। आज हमारे मिलेटस मडुवा झंगोरा, कीवी की डिमांड दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों में है ये हमारी बडी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि वज्यूला की दो महिलाओं ने सरकार की गोट वैली योजना का लाभ लिया जिससे उनको पहले साल70 हजार की आमदनी हुई। वे आत्मनिर्भर हो रहे हैं उनका परिवार सशक्त हो रहा है। उन्होंने सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही सभी से स्वदेशी अपनाने की भी अपील की। सहकारिता मेले में विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान बागेश्वर विधायक पार्वती दास, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी सहित स्थानीय जनता मौजूद रही।

### आपदा काल में बागेश्वर न आने का बताया कारण

प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा से बागेश्वर जनपद में आई आपदा काल में न आने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके विधान सभा क्षेत्र में आपदा आई हुई थी। जहां 16 गांव आपदा से प्रभावित हुए थे। यहां मुख्य मंत्री, सांसद एवं विधायकों द्वारा लगातार जनपर्क किया।

### जिला अस्पताल से डॉक्टरों को शक्तिफार्म भेजे जाने पर क्या बोले मंत्री

बागेश्वर जिला अस्पताल में तैनात डाक्टर रोहन कुमार जिन्होंने बागेश्वर में ज्वाइनिंग की थी, ज्वाइनिंग के कुछ दिनों द्वारा मंत्रियों एवं अधिका. रियों का डाक्टर कुमार पर दबाव बनाता गया, कि उन्हें शक्ति फार्म सितारगंज जाना है। हालांकि डॉक्टर खुद वहां जाना नहीं चाहते थे, उन्होंने कई बार अपनी आवाज भी उठाई उसके बावजूद उन्हें शक्ति फार्म भेजा गया, इस मामले में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इसे विभागीय ट्रांसफर नीति कहते हुए बात को टाल दिया। हालांकि उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री होने के नाते विभागीय मंत्री से वार्ता कर जिले में डाक्टरों की कमी दूर करने का भरोसा दिलाया।

## ईओ की कुर्सी का विवाद खत्म, हयात ने चार्ज संभाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** प्रभारी ईओ हयात सिंह परिहार ने नगर पालिका में ईओ के कमरे में लगे दो तालों का मंगलवार को खोला। उन्होंने बताया कि एक ताला विभागीय नियम से कार्यालय बंद होने के बाद लगाया जाता है, जबकि दूसरा ताला साजिश के तहत लगाया गया है।



मंगलवार को उप जिलाधिकारी ने निर्देशन में तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जिसके बाद दोनों ताले खोल. कर प्रभारी ईओ कुर्सी पर बैठे। बता दें कि नगर पालिका में ईओ की कुर्सी को लेकर लगातार तनातनी चल रही है। शासन द्वारा कर अधिकारी हयात सिंह परिहार को ईओ का चार्ज सौंपा, चार्ज लेने के बाद 23 दिनों तक उन्हें वित्तीय चार्ज नहीं दिया गया। तभी अचानक उनके स्थान पर धीरज कांडपाल कर अधिकारी अल्मोड़ा को बागेश्वर स्थानांतरण होकर ईओ का चार्ज सौंपा गया। जिसे हयात सिंह ने न्यायालय में चुनौती दी। न्यायालय द्वारा वर्तमान समय में मामला सुरक्षित रखा है। वहीं नगर पालिका बागेश्वर में पूर्व की स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए है। मंगलवार को आदेश मिलने के बाद हयात सिंह परिहार ईओ की कुर्सी में बैठे। हालांकि इनको अभी भी वित्तीय चार्ज नहीं मिल पाया है। इधर नगर पालिका में ईओ न होने के कारण 92 कर्मचारियों का वेतन, 51 समूह सफाई कर्मियों का वेतन, पर्यावरण मित्रों का वेतन, सहित ठेकेदारों के बिल सहित अन्य लोगों के भुगतान नहीं हो पाए है। कर्मचारियों को चिंता है आने वाले दिनों में दीपावली है, लेकिन उन्हें वेतन नहीं मिला है।

## कुक्कीवोन में किया नाम रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय कुक्कीवोन प्रतियोगिता 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले व राज्य का नाम रोशन किया है। राजधानी दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हृदयांश एकेडमी के 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 5 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। पदक जितने वाले खिलाड़ियों में प्रियांशु कार्की स्वर्ण पदक, हितांश उपाध्याय रजत पदक, जबकि कांस्य पदक आराध्या, अनमोल और विशाल ने जीते। यह प्रतियोगिता कुक्कीवोन द्वारा आयोजित की जाती है, जो विश्व ताइक्वांडो का मुख्य केंद्र है। इस वर्ष पहली बार इसका आयोजन भारत में हुआ। प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया, जापान, फ्रांस, थाईलैंड, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और भारत सहित 20 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्गों में प्रतिस्पर्दा हुई। कोच किशोर कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों ने पहली बार इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। विदेशी खिलाड़ियों से बच्चों को नई तकनीकें और रणनीतियां सीखने का अवसर मिला है, जो भविष्य में उनके खेल को और निखारेगा। वही स्वर्ण पदक विजेता प्रियांशु कार्की ने कहा कि प्रतियोगिता में कई देशों के खिलाड़ी पहुंचे थे। रजत पदक विजेता हितांश उपाध्याय ने कहा कि पहली बार दिल्ली में इतनी बड़ी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला। बहुत कुछ नया सीखने को मिला। हमारे कोच के मार्गदर्शन और मेहनत से ही यह सफलता मिली। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई, विधायक पार्वती दास, सुरेश गड़िया, जिला ताइक्वांडो एवं पारा संघ के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, उपाध्यक्ष गणेश धपोला, सह सचिव जगदीश उपाध्याय तथा कोषाध्यक्ष पवन आर्या ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।




## व्यापारी भाइयों पर हमला करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में दो व्यापारी भाइयों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दरअसल, बीते सोमवार देर शाम नगर के बाटा चौक निवासी बुक सेलर संचालक दीप चंद्र जोशी का एक पड़ोसी युवक से दुकान के सामने फड़ लगाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद कुछ ही देर में देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। इस बीच आरोप है कि पड़ोसी युवक ने व्यापारी दीप चंद्र जोशी पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि बीच बचाव में आए व्यापारी के भाई जगदीश चंद्र जोशी पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इस घटना में व्यापारी दीप चंद्र जोशी और उनके बुरी तरह घायल हो गए। अन्य लोगों ने किसी तरह हमलावरों से दोनों व्यापारियों की जान बचाई और उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए। जहां दीप चंद्र जोशी के बाजू और पीठ पर पांच से अधिक टांके लग। जबकि व्यापारी जगदीश जोशी बुरी तरह घायल हुए है। इधर, मंगलवार को सीमा जोशी निवासी तल्ला गली जाखनदेवी ने पुलिस में तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विकास पवार, ध्रुव पवार और आशुतोष पवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया आरा. ेपी आशुतोष पवार पर इससे पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले की जांच की जा रही है।



अल्मोड़ा में व्यापारियों में हमले की घटना के बाद देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल मुखर हो गया है। व्यापारियों ने कहा कि घटना से अल्मोड़ा नगर के व्यापारी एवं आम जनमानस असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में पुलिस गश्त को और अधिक बढ़ाए जाने की मांग उठाई। ताकि व्यापारी एवं आम जनता अपने को सुरक्षित महसूस कर सके।

### व्यापारियों ने कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों पर हमले की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को मामले को लेकर एसएसपी देवेंद्र पींचा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि इस तरह की घटना को बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि यदि मामले में किसी भी तरह की हीलाहवाली की गई तो मजबूरन होकर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल को पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। यहां मुलाकात करने वालों में नगर अध्यक्ष संजय साह, महिला जिला उपाध्यक्ष व पार्षद वंदना वर्मा, नगर महासचिव दीप चंद्र जोशी, जिला संगठन महामंत्री नीरज थापा, जिला संयुक्त महामंत्री कमल बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, निकेश उपाध्याय, सुधीर गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुकान में लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**बागेश्वर।** दुकान में लगी आग को फायर टीम कपकोट ने त्वरित कार्यवाही कर अपनी सूझ-बूझ से पूर्ण रूप से बुझाकर बड़ी घटना को होने से रोका। कपकोट के भराड़ी बाजार में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर प्रभारी दिनेश चंद्र पाठक के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीम में तत्परता दिखाते हुए समय पर आग बुझाई, जिससे बड़ी घटना टली। भराड़ी बाज़ार स्थित राठौड़ इलेक्ट्रॉनिक के सामान की दुकान के तीसरी मंजिल में गत्तों और पुराने होली के सामान में मंगलवार दिन में आग लग गई। फायर यूनिट कपकोट द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। बताया जा रहा है कि दुकान के दूसरी ओर पर पटाखे रखे थे, समय पर आग में काबू नहीं पाया जाता तो और अधिक आग फैलने की सम्भावना थी।

### पर्यटकों ने बल्जूरी चोटी पर फहराया तिरंगा

**बागेश्वर।** जिले का बदलता मौसम साहसिक पर्यटकों और स्थानीय ट्रैकर्स का हौसला नहीं डिगा पाया। बंगाली पर्यटकों का 16 सदस्यीय दल ने बल्जूरी कॉल चोटी पर तिरंगा फहराया। हालांकि उन्हें इस दौरान कई बार यात्रा रो. कनी भी पड़ी। टीम लीडर गोविंद सिंह टाकुली ने बताया कि यह अभियान चार से नौ अक्टूबर तक चला। टीम खाती से पैदल चलते हुए द्वाली और पिंडारी बेस कैंप पहुंची। कैंप वन में हिमपात शुरू हो गया था। पिंडारी जीरो प्वाइंट पर भी उन्हें स्नो फॉल का सामना करना पड़ा, जिसके बाद दो दिनों तक मौसम सुधरने का इंतजार करना पड़ा। कैंप टू तक पहुंचकर टीम ने बल्जूरी की चढ़ाई शुरू की, लेकिन 5300 मीटर की ऊंचाई पर लगातार र्बबारी के खतरे को देखते हुए टीम ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी। रविवार को उन्होंने बल्यूरी कॉल चोटी पर तिरंगा फहराया। टीम में कोलकाता के बंगाली साहसिक पर्यटक राजर्षि घोष, नीलाद्रि सिन्हा, रंजन मंडल, अर्नब घोष, सुमन जान, भास्कर पाल, सुभेंदु घोष के अलावा कर्नाटक के श्रीपदा और शिवमोगा शामिल थे। वहीं स्थानीय ट्रैकर्स में प्रवीण दानू, मोहन दानू, नंदन टाकुली, प्रदीप दानू, खड़क दानू, चामू सिंह दानू और राम सिंह दानू रहे।

### पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचेगी सोलर लाइट: तिवारी

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग के दूरस्थ पहाड़ी गांव रियाड में ज्येष्ठ प्रमुख पति उमेश तिवारी ने जरूरतमंद परिवारों को सोलर लाइट उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने गांव का भ्रमण कर 6-7 परिवारों के घरों में सोलर लाइट लगवाई, ताकि रात के समय गुलदार व बाघ जैसे वन्यजीवों के खतरे से सुरक्षा मिल सके। उमेश तिवारी ने बताया कि यह कार्य निजी खर्च पर किया जा रहा है और आगे भी जरूरतमंदों तक सोलर लाइट पहुंचाई जाएगी। इस पहल पर ग्राम प्रधान महेश कांडपाल ने उनका आभार जताया।

### साइबर सुरक्षा के लिए पुलिस ने निकाली रैली

**काशीपुर।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत कोतवाली पुलिस ने सोमवार सायं बाइक रैली निकाली। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता से संबंधित बैनर पोस्टर लगाते हुए लोगों को साइबर ठगी के बारे में बताया गया। कोतवाली से शुरू हुई बाइक रैली मुख्य बाजार, किला मोहल्ला, मुंशीराम का चौराहा, डॉक्टर लाइन से सत्येंद्र चंद गुड़िया मार्ग, महाराणा प्रताप चौक होते हुए कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में एसएसआई अनिल जोशी, एसआई कौशल भाकुनी, एसआई कंचन पडलिया, एसआई सौरभ भारती, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, ज्ञानेंद्र कुमार, मुकेश कुमार व गजेंद्र गिरी आदि शामिल रहे।

### राजेश कुमार ने मृत्यु उपरांत की देहदान की घोषणा

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार का 74वां जन्मदिन मनाया गया, जिसमें समस्त अधिवक्ताओं ने उनके उत्तम स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की तथा काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे ने राजेश कुमार द्वारा अपने शरीर को मृत्यु उपरांत सरकारी अस्पताल काशीपुर को दान देने की घोषणा की सराहना की। इस दौरान अनूप शर्मा, नृपेंद्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, सतपाल सिंह बल, कामिनी श्रीवास्तव, अमृत पाल सिंह, अविनाश कुमार, नरदेव सैनी, मनोज जोशी, उमेश जोशी, कश्मीर सिंह, इंदर सिंह, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रदीप चौहान, सनत कुमार पैगिया मौजूद रहे।

### हाथियों ने खड़ी फसल रौंध डाली

**कालाढूंगी।** तहसील के न्याय पंचायत बैलपड़ाव सहित आसपास के गांवों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बैलपड़ाव, रतनपुर, हिम्मतपुर, बिशनपुर समेत कई गांवों के किसानों की तैयार खड़ी फसलें बीते दिनों हाथियों के झुंड ने तहस-नहस कर दीं। स्थिति ऐसी है कि किसान रात-भर जागकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, फिर भी वे हाथियों के आगे बेबस नजर आ रहे हैं। किसानों की महीनों की मेहनत से उगाई गई धान, सोयाबीन, उड़द, गन्ना जैसी फसलें बर्बाद हो गई हैं। गांवों में नुकसान की व्यापकता इतनी है कि किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ झलक रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा रात्रि गश्त की जा रही है, फिर भी हाथियों को खेतों में घुसने से रोका नहीं जा सका। किसानों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की गश्त पर्याप्त नहीं है और जमीन पर असरकारी प्रयास नजर नहीं आ रहे। पीड़ित किसानों, जिनमें रंजीत सिंह, सुरजीत सिंह सहित अन्य शामिल हैं, ने जंगल किनारे सोलर फेंसिंग लगाने की मांग राज्य सरकार और वन विभाग से की है।



## स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर ज़ोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान सम्मेलन में स्थानीय व्यवसायों, नवाचारों और उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। वहीं, कार्यकर्ताओं और जनता से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी का उपयोग कर देश को मजबूती की दिशा में ले जाएं। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने किया। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के नारे को अपनाते हुए प्रत्येक नागरिक को त्योहारी सीजन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और वैचारिक भी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। संयोजक ललित लटवाल ने बताया कि अभियान के तहत व्यापारी प्रकोष्ठ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दुकानदारों, उद्यमियों और प्रोफेशनल वर्ग (डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, उद्योगपति, अधिवक्ता आदि) के बीच स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार को संवाद अभियान चलाया जाएगा। यहां जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, विधायक कैलाश शर्मा, महापौर अजय वर्मा, कुंदन लटवाल, विनीत बिष्ट, रवि रौतेला, गिरीश खोलिया, गोविंद पिलख्वाल, किरन पंत्र, मनोज जोशी, सुनील बिष्ट, संदीप श्रीवास्तव, संजय बिष्ट, संजय डालाकोटी, नरेंद्र आगरी, मनीष जोशी, मदन बिष्ट, प्रकाश बिष्ट, सौरभ वर्मा, गोविंद मटेला, दीपा अधिकारी, चंदन लाल टम्टा, बलदेव आर्य, संतोष कुमार, शैलेंद्र साह रहे।



## धारचूला में अल्मोड़ा अर्बन बैंक की शाखा का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अर्बन बैंक को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की 64 वीं शाखा का धारचूला में शुभारंभ हुआ है। शाखा का उद्घाटन करते हुए बैंक अध्यक्ष महेश चंद्र जोशी द्वारा बैंक की प्रगति की प्रशंसा की। कहा कि थल में बैंक की शाखा खुल जाने से क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। वहीं, बैंक के महाप्रबंधक बीएस मेहता द्वारा सभी जनता से बैंक के सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। उन्होंने बताया कि बैंक का कुल कार्य व्यवसाय लगभग 600 करोड़ है। इसके लिए उन्होंने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया गया। यहां अशोक नबियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा, राजेंद्र सिंह गर्ब्याल, त्रिलोक सिंह गर्ब्याल, शंकुतला आगरी, शाखा प्रमुख गिरीश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



## शिवालिक बास्केटबॉल विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में शिवा. लिक होली माउंट अकैडमी ने मारिया असम्प्टा कॉन्वेंट स्कूल को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा कर लिया। वहीं, ग्रेट मिशन स्कूल, रामनगर ने छावनी चिल्ड्रन्स अकैडमी को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 18 विद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से ग्रेट मिशन स्कूल रामनगर, शिवालिक होली माउंट अकैडमी काशीपुर, आर्मी स्कूल हेमपुर, शैंफर्ड स्कूल प्रतापपुर, समर स्टडी हॉल कुंडेश्वरी, ऑरिजन स्कॉलास्टिका कुंडेश्वरी, साई पब्लिक स्कूल काशीपुर, जीडी गोयंका स्कूल काशीपुर, केपीसी स्कूल, एक ओंकार ग्लोबल अकैडमी, ग्रीनफोर्ड स्कूल जसपुर, बलदेव इंटरनेशनल स्कूल जसपुर, पायनियर अकैडमी, शेरटन अकैडमी जसपुर तथा द हेरिटेज स्कूल काशीपुर जैसे प्रतिष्ठित विद्यालय शामिल रहे। शिवालिक होली माउंट अकैडमी के छात्र प्रियांशु नेगी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, प्रियंका चौधरी, कुलद. ीप कुमार, विजेंद्र चौधरी, राम मेहरोत्रा, राहुल अग्रवाल, केएस डसीला, बीबी भट्ट, रजत सिद्धू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संचालन कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, वाइस चेयरपर्सन निभा मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह, निदेशक डॉ. मनोज मिश्रा, एवं रजिस्ट्रार सतीश कंडपाल की उपस्थिति में हुआ।



## धारा 163 हटाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मौहल्ला अल्लीखां, पंजाबी सराय और थानासाबिक क्षेत्र से धारा 163 हटाने की मांग करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उपरोक्त क्षेत्र में बीती 21 सितंबर को घटी घटना के बाद मोहल्ला अल्लीखां, पंजाबी सराय व थानासाबिक के कुछ हिस्सों में धारा 163 लगाकर सायं 7 बजे के बाद आवागमन एवं दुकानों को प्रशासन द्वारा बंद करवा दिया जाता है, जिससे क्षेत्र में दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली पर्व नजदीक है, ऐसे में छोटे व्यापारियों, फुटकर कारोबारी एवं उक्त क्षेत्रवासियों के लिए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी दवाई, दूध एवं अन्य कार्यों के लिए भी कई बार संध्या 7 बजे से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि अब माहौल शांत है, ऐसे में दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्षेत्र से धारा 163 को हटाया जाए, जिससे क्षेत्र में आपसी प्रेम और भाईचारा बना रहे। इस अवसर पर मुशर्रफ हुसैन, अनुपम शर्मा, अलका पाल, जितेंद्र सरस्वती, मंसूर अली मंसूरी, गौरव चौधरी, सारीम सैफी, मोहम्मद आरिफ सैफी पार्षद, भगवान सिंह आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री धामी कल काशीपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की एक राष्ट्रीय पहल है।

इसका उद्देश्य हर नागरिक को स्वदेशी भावना से जोड़ना, हर घर स्वदेशी का संकल्प दिलाना और वोकल फॉर लोकल का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी16 अक्टूबर को काशीपुर में भाजपा के बाजपुर रोड स्थित नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा नगर निगम लगने वाले मेले में भी प्रतिभाग करेंगे। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता व्यापारी प्रकोष्ठ व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दुकानों पर जाकर स्वदेशी उत्पादों का प्रचार करेंगे। इसके अलावा प्रोफेशनल वर्ग जैसे डॉक्टर, इंजी. नियर, शिक्षक, अधिवक्ता और उद्योगपतियों से संवाद कर स्टार्टअप में मेंटरशिप संकल्प करवाया जाएगा और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कॉलेज स्तर पर स्वदेशी संकल्प सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। व्यापारी प्रकोष्ठ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि स्वदेशी वस्तुएं खरी. दकर व्यापारियों को प्रोत्साहित करेंगे। इस मौके पर पीसीयू चैयरमेन राम मेहरोत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गुप्ता, पूर्व महापौर ऊषा चौधरी, गुर. विंदर सिंह चंडोक लवीश अरोरा, अमित सिंह, रजत सिद्धू, सुरेश सिंह, संजय ठुकराल, शाहनवाज हुसैन आदि भाजपा जन मौजूद रहे।




## खाद्य व औषधी प्रशासन विभाग ने की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को विभागीय अधिका. रियों ने जिले के कई इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थों के नौ नमून जांच को भेजे। दीपावली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य व औषधि विभाग सक्रिय हो गया है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे के नेतृत्व में टीम ने जिले के सल्ट, भिकियासैण, चौखुटिया, रानीखेत और अल्मोड़ा में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मावा, चॉकलेट, मिठाई, घी, तेल समेत खाद्य पदार्थों के नौ नमनू जांच को लिए। उन्होंने व्यापारियों से मिलावटी और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने की अपील की। वहीं, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत 21 खाद्य कारोबाकर्ताओं को नोटिस दिये गए।

## अमान्य घोषित हो प्रधान संगठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड ताकुला के ग्राम प्रधान संगठन को अमान्य घोषित करने की मांग को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधि मुखर हो गए हैं। मंगलवार को नाराज प्रधानों ने सीडीओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जल्द नव निर्वाचित प्रधान संगठन को अमान्य करने की मांग उठाई। ज्ञापन में प्रधानों ने कहा कि विकासखंड के कुछ प्रधानों की मिली भगत से प्रधान संगठन का गठन कर दिया गया। जबकि अन्य प्रधानों को मामले को लेकर कोई भी सूचना नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम के तहत निर्मित नियमों के अनुरूप नहीं है। प्रधानों ने सीडीओ से मामले में नव निर्वाचित प्रधान संगठन को अमान्य घोषित करने और कार्रवाई की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान दीपक सुयाल, शीला आर्या, प्रियंका सुयाल, विनीता आर्या, गिरीश लाल, राजेश लोहनी, पूजा भाकुनी, ज्योति डंगवाल, बालम सिंह, भगवत राम, बिरेंद्र बिष्ट, हेम चंद्र लो. हनी, भावना भाकुनी, तारा नयाल आदि मौजूद रहे।

# सिटी बस को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

## नागरिकों को मिलेगी सस्ती, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सुविधाः धामी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहरवासियों के लिए मंगलवार का दिन नई सौगात लेकर आया, जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुप्रतीक्षित हल्द्वानी सिटी बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने सर्किट हाउस परिसर से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर को शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह सेवा नागरिकों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे न केवल यातायात दबाव में कमी आएगी, बल्कि शहर में प्रदूषण भी घटेगा और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड के सभी नगरों में आधु.निक, पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। इससे आम जन को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही शहरों का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि सिटी बस सेवा को चरणबद्ध तरीके से शहर के प्रमुख मार्गों पर लागू किया जाएगा। इसका लाभ विशेष रूप से स्थानीय नागरिक.ों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को मिलेगा। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी रिद्धिमा अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सहित कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को गंगोत्री धाम किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के तहत मंगलवार को काठगोदाम सर्किट हाउस से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं के दल को पवित्र गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत कराई



और सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर देकर उनके जीवन में आध्यात्मिक शांति, आनंद और आत्मिक संतोष का भाव जागृत करने का प्रयास है। इस तीर्थ यात्रा में कुल 32 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें 19 महिलाएं और 13 पुरुष हैं। यात्रा की अवधि पांच दिन की होगी, जिसमें श्रद्धालु गंगोत्री धाम सहित मार्ग में आने वाले विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं के आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था गढ़वाल मंडल विकास निगम के पर्यटन आवास केंद्रों में की गई है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा का अनुभव सुखद हो। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिमा अग्रवाल, राज्य सरकार में विभिन्न दायित्वधारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रह

# पटेल चौक में ज्वैलर्स की दुकान राख

## लाखों का नुकसान, पानी डालकर बुझाई आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार सुबह पटेल चौक स्थित रामलीला ग्राउंड के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक प्रतिष्ठित ज्वैलर्स की दुकान में अचानक आग भड़क उठी। दीवाली की खरीदारी के बीच बाजार में अफवाहों और डर का माहौल बन गया। गनीमत रही कि दुकान में मौजूद कर्मचारी समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी तरह की जनहा.नि नहीं हुई।



हालांकि आस-पास के दुकानदार व्यापारियों की सुझबुझ कर समय रहते आग पर काबू पा लिया। जानक.ारी के अनुसार पटले चौक रामलीला मैदान के पास आशु ज्वैलर्स की दुकान है। बताया जा रहा कि आज मंगलवार की सुबह दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान के अंदर काम कर रहे कर्मचारी व दुकानस्वामी ने बाहर आकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना से आस-पास में हड़कंप मच गया। आस-पास के दुकानदारों ने सुझबुझ का परिचय देते हुए बिना दमकल टीम की मदद के ही आग पर काबू पा लिया। लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाई और एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, आग से निकले काले धुएं के गुबार ने पूरे बाजार में दहशत फैला दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता.बिक, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में फर्नीचर और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। दुकान स्वामी ने अनुमान जताया कि एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों को लेकर दो मत सामने आए हैं कुछ लोगों ने इसे शॉर्ट सर्किट बता रहे जबकि कुछ लोगों का कहना है कि दुकान में रखा छोटा सिलेंडर अचानक फट गया जिससे यह घटना हुई है। एफएसओ एमपी सिंह ने जानकारी दी कि घटना की सूचना दमकल विभाग को मिली थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद दुकान स्वामी ने खुद फोन कर आग पर काबू पा लेने की जानकारी दे दी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण, दो नमूने जांच को भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर मंगलवार को कोटाबाग बाजार में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब एक दर्जन मिठाई और किराना दुकानों की जांच की गई। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री



बेचने, बिना बिल के खरीदारी न करने और प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सब्जी मसाला और नमकीन के दो सैंपल संदेह के आधार पर प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए लिए गए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि दीपावली के मद्देनज़र विभाग विशेष चौकसी बरत रहा है और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर जिलेभर में संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जो रोजाना निरीक्षण कर रही हैं और रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को भेजी जा रही है। विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं मिलावटी या संदिग्ध खाद्य सामग्री का विक्रय होते देखें, तो तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान रामनगर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## दमकल विभाग ने मंडी में लगे फायर हाईड्रेंट का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी।** दीवाली जैसे बड़े त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दमकल विभाग पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को एफएसओ मिंदर पाल सिंह के नेतृत्व में दमकल अधिकारियों की टीम ने नवीन मंडी परिसर में लगे फायर हाईड्रेंट का निरीक्षण किया। विभाग को राहत की बात यह मिली कि मंडी में लगे सभी पांचों फायर हाईड्रेंट पूरी तरह सक्रिय और सही हालत में पाए गए। अधिकारियों ने हाईड्रेंट से पानी की आपूर्ति और फ्लो की भी जांच की, ताकि आपात स्थिति में किसी तरह की बाधा न आए। एफएसओ सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कहीं भी कोई अनियमितता नहीं पाई गई, और सभी हाईड्रेंट तय मानकों पर खरे उतरे। इसी क्रम में दमकल विभाग की टीम ने बाजार क्षेत्र की दर्जनों दुकानों का भी निरीक्षण किया। दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा के उपाय अपनाने और जरूरी उपकरण जैसे फायर एक्सटिंग्विशर आदि रखने के निर्देश दिए गए।

## वनमंत्री सुबोध उनियाल ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वनमंत्री सुबोध उनियाल ने मंगलवार को जीतपुर नेगी क्षेत्र में वन भूमि पर क्षेत्रवासियों की सड़क और नाले की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ मेयर गजराज बिष्ट भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि जीतपुर नेगी क्षेत्र में जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले मेयर बिष्ट ने हल्द्वानी आगमन पर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इसके उपरांत वनमंत्री सुबोध उनियाल एफटीआई पहुंचे, जहां उन्होंने पौधारोपण किया। इस मौके पर विधायक बंशीधर भगत भी मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया के एक सवाल पर मंत्री उनियाल ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हरीश रावत कभी भी उनके साथ नहीं रहे, भले ही दोनों एक ही पार्टी में रहे हो। ऐसे दुष्ट लोगों से उनके कभी कोई संबंध नहीं रहे है। उनकी उम्र अब वानप्रस्थ की हो गई है। उन्हें घर में रहकर राम भजन करना चाहिए। अगर उन्होंने मेरी सलाह मानी होती तो 2017 और 2022 का चुनाव न हारते।



# यूओयू की परीक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 20वीं बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को केन्द्रीय मूल्यांकन नीति के अंतर्गत कराए जाने की रूपरेखा तैयार की गई और इसे शीघ्र लागू करने की संस्तुति दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की उपाधियाँ दीक्षांत समारोह की तिथि घोषित होने के पश्चात तैयार कर ली जाएंगी तथा समारोह सम्पन्न होने के बाद उन्हें डाक द्वारा भेजा जाएगा। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुविधा और प्रक्रिया की पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए




लिया गया है। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. ब्रजेश कुमार पाण्डेय, उप कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, और प्रो. योजना रावत, उप कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। इस मौके पर परीक्षा समिति के सदस्य सचिव एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, सभी विद्याशाखाओं के निदेशकगण, कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह, उपपरीक्षा नियंत्रक तथा सहायक कुलसचिव परीक्षा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिक.ारीगण मौजूद रहे।

## बागजाला वासियों का धरना जारी रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना 58वें दिन भी जारी रहा। धरने में विमला देवी, डा. कैलाश पाण्डेय, हरीश लोधी, प्रेम सिंह नयाल, आकाश भारती, हेमा देवी, हरक सिंह बिष्ट, भोला सिंह, मीना भट्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, दीवान सिंह बर्गली, सतपाल, भगवती गोस्वामी, दीवान राम, नंदी देवी, रेखा देवी, बिशनी देवी, पार्वती देवी, दीवान राम, सुनीता, ललित प्रसाद, शांति देवी, शोभा, दिव्या आर्य, मुन्नी देवी, सविता देवी, मिथिलेश, मो. इस्लाम, इलियास, नसीम, भुवन चंद्र, बीना, ललित प्रसाद आदि शामिल रहे।

# फ्लैट्स में 55वीं वार्षिक पेंटिंग प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/नैनीताल।** मल्लीताल फ्लैट मैदान में शारदा संघ द्वारा मंगलवार को 55वीं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में कुल 962 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आयु व कक्षा के आधार पर विभिन्न वर्गों में बांटा गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन नैनीताल बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर मिस्टर लाल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सरस्वती खेतवाल, चेयरमैन नगरपा.लिका नैनीताल व विधायक सरिता आर्य रही। प्रतियोगिता में प्रथम कनिष्क नागरकोटी अपर केजी, वृंदावन पब्लिक स्कूल, द्वितीय चैतन्य जोशी केजी, सेंट जॉन्स स्कूल, तृतीयरू रिद्धिमा पडियार अपर केजी,



962 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सेंट जॉन्स स्कूल, मिनी ग्रुप प्रथम कृतिका बिष्ट, एमएलएसबीवीएम, द्वितीय ज़ैनब, एसएसवीएम, तृतीय वेदांत पालीवाल, सेंट जोसेफ स्कूल, सब जूनियर ग्रुप में प्रथम तेजस घंस्याल, सेंट जोसेफ स्कूल, द्वितीय रियांसी बिष्ट, सेंट मेरी, तृतीय रियांसी राज, सेंट जॉन्स स्कूल, जूनियर ग्रुप में प्रथम भावेश बिष्ट, सनवाल स्कूल, द्वितीय एकलव्य बिष्ट, द-मदर्स हार्ट स्कूल, तृतीय आविका भाकुनी, एमएलएसबीवीएम, मिडिल ग्रुप में प्रथम समारा खान, एमएलएसबीवीएम, द्वितीय वैभवी मेहरा, सेंट मेरी कान्वेंट कॉलेज, तृतीय रोज़ाम बी, एमएलएसबीवीएम, सीनियर ग्रुप में प्रथम कामाक्षी साक्या, एमएलएसबीवीएम, द्वितीय दिव्यांशु रिजाल, सेंट मेरी कान्वेंट कॉलेज, तृतीय प्रतिभा बिष्ट, एमएलएसबीवीएम रही। शारदा संघ के महासचिव प्रो. घनश्याम लाल साह सेवानिवृत्त, कुमाऊं विश्वविद्यालय ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का समापन समारोह व पुरस्कार वितरण 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

# दीपावली है तो एसएसपी खुद उतरे मोर्चे पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसएसपी पीएन मीणा खुद सड़कों पर उतर आए। उन्होंने शहर के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च कर औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान 70 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 8 व्यक्ति बाबा के वेश में बाजारों में बेवजह घूमते पाए गए। सभी से कोतवाली हल्द्वानी में पूछताछ की जा रही है। मंगलवार देर शाम दीपावली से ठीक पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसएसपी पीएन मीणा पूरे दलबल के साथ निकले। उन्होंने शहर के कारखाना बाजार, साहूकार बाजार, पटेल चौक, नया बाजार,



70 संदिग्ध हिरासत में, 8 बाबा के वेष में मिले

बर्तन बाजार, मीरा मार्ग, सदर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च व औचक निरीक्षण किया। एसएसपी ने ऑपरेशन सैनेटाइज के तहत बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को सतर्क रहने और संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर उनके प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। एसएसपी मीणा ने ऑपरेशन सैनिटाइज के तहत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने दुकानदारों से संवाद कर अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाहरी व्यक्तियों का अनिवार्य सत्यापन कराने को कहा। एसएसपी ने कहा दीपावली खुशियों का पर्व है, लेकिन सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। सभी नागरिक अनुशासन का पालन करें, बच्चों और कीमती सामान की विशेष देखरेख करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी और पिकेट ड्यूटी लगाकर वाहनों और राहगीरों की गहन जांच की। बाजारों और गलियों में बिना कारण घूमने वालों को चेतावनी दी गई और शालीनता बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च व निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, कोतवाल अमर चंद्र शर्मा, यातायात प्रभारी महेश चंद्र, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा, थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी, सीपीयू, महिला एवं पुरुष पीएसी, डॉग स्क्वॉड, और अन्य थाना-चौकियों का पुलिस बल मौजूद रहा।

# सीआरपीएफ ने स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) समूह केन्द्र काठगोदाम ने अपना 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पाण्डेय के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उनके अमर बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें कृतज्ञता के साथ नमन किया गया। इसके पश्चात क्वार्टर गार्ड में पुलिस उप महानिरीक्षक को सुसज्जित गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सैनिक सम्मेलन में श्री पाण्डेय ने जवानों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास, कल्याणकारी योजनाओं, आगामी योजनाओं एवं



भविष्य की चुनौतियों की जानकारी दी।

उन्होंने सभी कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। सांयकालीन कार्यक्रमों में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें वॉलीबॉल और क्रिकेट मैच प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर समूह केन्द्र, काठगोदाम के कमाण्डेन्ट लीलाधर महरानियां, पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) वीएन राव, सुरेन्द्र सिंह देव, उप कमाण्डेन्ट जेएन सिन्हा, जोगेश कुमार, रवि कुमार सिक.रवार, चन्द्रशेखर जोशी, रजनी बाला सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## धान की फसल का निरीक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलिकोट की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने गंगापुर गांव में बासमती धान की उच्च उत्पादन देने वाली प्रजातियों का प्रक्षेत्र भ्रमण किया।

उन्होंने किसानों के खेतों में जाकर पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1121 एवं पूसा बासमती 1 जैसी किस्मों के प्रदर्शन को देखा और उनकी विशेषताओं की जानकारी दी। डा. नैनवाल ने गांव के किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती तकनीकों पर भी प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग 20 किसान उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को विशेष रूप से लाही/सरसों, गेहूं एवं मसूर की उन्नत कृषि विधियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांव के प्रगतिशील कृषक जैसे देवेन्द्र बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, तारा बिष्ट, रमा देवी और खष्टी देवी समेत अन्य किसान भी शामिल हुए। सभी किसानों ने वैज्ञानिक जानकारी में गहरी रुचि दिखाई और भविष्य में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की बात कही।

# झुमका कुमाऊं की आत्मा की अभिव्यक्तिः श्वेता मेहरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं की लोकसंस्कृति को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंच.ाने के उद्देश्य से आरएस राइजिंग ने अपने नये लोकगीत झुमका का भव्य परिचय कार्यक्रम आयोजित किया। मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित सरस मार्केट स्थित रेस्टोरेंट में कलाकार श्वेता मेहरा ने 'झुमका' सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि कुमाऊं की आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा यह गीत पहले ही रिलीज़ हो चुका है, लेकिन इस आयोजन का उद्देश्य इसे मीडिया, स्थानीय कलाक.ारों और संगीत प्रेमियों के समक्ष सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना था।

उन्होंने बताया इस गीत के माध्यम से




हमने अपनी लोकसंस्कृति की उस खूबसूरती को दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास किया है। जो अब हमारे गांव, मेलों और त्योहारों में बसी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे गीत लोकसंगीत को आधुनिक युवाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वहीं ऐसे गीत लोकसंगीत को एक नई पहचान देने का काम कर रहे हैं। इस दौरान पंकज रावत, इन्दर आर्या, विरेंद्र सिंह बिष्ट, दीपक दानी, संजय रावत, तुषार बिष्ट, देवेंद्र नेगी सहित कई स्थानीय कलाकारों और संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

## धम्म चक्र परिवर्तन दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा सामाजिक नेता पंकज अंबेडकर के नेतृत्व में मंगलवार को बुद्धपार्क तिकोनिया में धम्म चक्र परिवर्तन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा ली गई 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पंकज अंबेडकर ने अपने संबोधन में कहा आज कुछ लोग सिर्फ बाबा साहेब का नाम लेते हैं लेकिन उनके विचारों और मूल्यों को नहीं अपनाते। बाबा साहेब का सच्चा अनुयायी वहीं है जो बौद्ध धर्म को स्वीकार करे और पाखंड व अंधविश्वास से दूर रहकर उनके मार्ग पर चले। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब द्वारा 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपनाने की ऐतिहासिक घटना को याद किया गया। इस दिन को धम्म चक्र परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब बाबा साहेब ने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी। इस मौके पर नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, आकाश भारती, भारत बौद्ध, प्रशांत कुमार, कालू राम सहित कई अनुयायी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवक और उसके साथी पर हमला कर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बिंदुखेड़ा मोड़ के पास कुछ हमलावरों ने दिनदहाड़े एक युवक और उसके साथी पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर लाठी-डंडों, तमंचों और धारदार हथियारों से लैस थे। पुलिस ने चार हमलावरों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगतपुरा वार्ड नंबर 7 निवासी बसंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 9 अक्टूबर की दोपहर करीब तीन बजे वह अपने दोस्त राहुल के साथ रुद्रपुर से बिंदुखेड़ा की ओर जा रहा था। जब दोनों सामिया लेक सिटी से आगे बिंदुखेड़ा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तभी सफेद बोलेरो और एक काले रंग की



स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार 6-7 युवकों ने उन्हें रोक लिया। बताया गया कि ये सभी पहले से घात लगाए बैठे थे। उन्होंने बसंत सिंह और राहुल को रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। हमलावरों ने दोनों की लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान दोनों के मोबाइल फोन तोड़कर झाड़ियों में फेंक दिए। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसने हमलावरों में से बंटी कोहली निवासी रामपुरा, अमित गंगवार निवासी पप्रा कॉलोनी तेल मिल, बृजेश यादव निवासी बगवाड़ा और संजीत साहनी निवासी भूरारानी को पहचान लिया। हमले के दौरान आरोपी कह रहे थे कि इन्होंने हमारे भाई को जेल भिजवाया है, आज इन्हें जान से मार दो। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी बोलेरो और मोटरसाइकिल से भाग गए। जाते-जाते उन्होंने धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी पुलिस को दी तो जान से मार देंगे। घायल बसंत सिंह और राहुल किसी तरह जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचे, जहां उनका इलाज हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों सहित अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सोमवार की रात्रि गदरपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुर निवासी 32 वर्षीय सुखविन्दर सिंह पुत्र चरन सिंह सोमवार की सायं किसी कार्य के लिए बाईक पर सवार होकर प्रेम आश्रम गया था। देर सायं जब वह घर वापस लौट रहा था तो करीब साढ़े आठ बजे उसके भाई जरनेल सिंह ने उसे फोन किया तो उसने बताया कि वह घर वापस आ रहा है



रास्ते में ही है। बताया जाता है कि जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो भाई जरनेल ने उसे फिर फोन किया। परंतु फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसके बाद जरनेल सुखविन्दर की तलाश करने घर से रवाना हुआ। घर से कुछ दूरी पर मुख्य मार्ग में उसने भाई सुखविन्दर को गंभीर हालत में घायल अवस्था में पड़ा देखा। जिस पर उसने परि. जनों को मौके पर बुलवाकर सुखविन्दर को उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुखविन्दर को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सुखविन्दर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार सुखविन्दर की मौत हुई है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

# डांडिया, करवा चौथ, दीवाली महोत्सव और सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन

■ **ब्लॉक प्रमुख ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** रामराज रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास पूजा जिंदल के निवास स्थान पर डांडिया, करवा चौथ, दीवाली महोत्सव और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मातृशक्ति द्वारा सुंदरकांड किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख, विशिष्ट अतिथि सुनीता बाजवा, उमा जोशी, नीना सैनी, आभा तिलारा, पुष्पा राजेश, मनाली जैन, पूनम पांडे, नरेंद्र सैनी के द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही सभी अतिथियों के द्वारा कन्या पूजन किया गया। तारा शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।



कार्यक्रम की संयोजिका पूजा जिंदल ने आए हुए अतिथियों का तिलक और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप अपना कीमती समय निकालकर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी रखी गई, जिसमें डांस प्रतियोगिता में दामिनी शर्मा, शगुन बंसल, पूनम अग्रवाल, प्रियंका जैन, सपना ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवा स्थान प्राप्त किया। कैंडल सजाओ प्रतियोगिता में कविता गर्ग, नैना गर्ग, नमन गिल, परी चोपड़ा, सुरभि पहले, दूसरे ,तीसरे, चौथे, पांचवें स्थान में रही। थाल सजाओ प्रतियोगिता में शालू सिंगल प्रियंका शर्मा ,दीपा अग्रवाल पहले, दूसरे तीसरे स्थान पर रही मेहंदी प्रतियोगिता में लेजा, नादानी पहले दूसरे स्थान पर रही। संगीत काव्य पाठ प्रतियोगिता में तारा शर्मा, काव्य जैन, वर्षा सिंगल, ममता जैन, पूनम अग्रवाल रही। मिसेज गरबा प्रतियोगिता में पूनम अग्रवाल, नीरू शर्मा, शगुन बंसल, कविता गर्ग द्वितीय तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान पर रही और मिसेज गरबा का ताज प्रियंका जैन के सर पर सजा। सभी प्रतियोगिता में विजय रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुखमन कौर ने कहा यह आयोजन धार्मिक आस्था भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम रहा। गरबा की झंकार और भक्ति के शुरू ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और उल्लास में बना दिया। साथ ही उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी।

## गरबा डांडिया और करवा चौथ है भारतीय त्योहार: उमा जोशी

**बाजपुर।** महिला मोर्चा कि निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा गरबा डांडिया और करवा चौथ भारतीय त्योहार हैं, लेकिन उनके अर्थ और परंपराएं अलग हैं। गरबा नवरात्रि में देवी की पूजा के लिए एक भक्तिपूर्ण नृत्य है, जबकि डांडिया मां दुर्गा और महिषासुर के बीच युद्ध का प्रतीक है, जिसमें रंगीन छड़ियां देवी की तलवारों का प्रति. निधित्व करती हैं। करवा चौथ एक व्रत है जो विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। सभी त्योहार अलग-अलग कहानियों के द्वारा अलग-अलग संदेश देते हैं। यह संदेश हमें समझ में एक अच्छी प्रेरणा व सद्भावना प्रदान करती है। इस मौके पर आभा तिलारा, तान्या भटनागर, पूनम पांडे, सुनीता बाजवा, उमा जोशी, पुष्पा राजेश, सिमरन कौर सहित सभी अन्य महिलाओं ने पूजा जिंदल के द्वारा समय-समय पर कराए जाने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए पूजा जिंदल को को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर नेहा जिंदल, नमनम गिल, एकता बंसल, रीमा, मोनिका, डिंपल गर्ग, नेहा मित्तल, मीणा बंसल अनीता, रेनू, प्रिया, श्वेता, अनु चोपड़ा अनीता सिंह, कृष्णा शर्मा टीना, सरिता, सीमा, अपूर्वा शैली, कृतिका दीप्ति, रजनी, नीतू, गीता, शेफाली अंजू, नेहा, संगीता, लगभग 150 महिलाएं उपस्थित रही।

# आशा ब्लाक को आर्डिनेटर ने तीन लोगों पर लगाया जान को खतरे का आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** मंगलवार को श्री रामभवन धर्मशाला में प्रेस वार्ता के दौरान आशा ब्लाक कोआर्डिनेटर बृजबाला शर्मा ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि सभी बैठकें नियमानुसार कराई गई थीं और संबंधित आशाओं को समय से सूचना दी गई थी। बावजूद इसके कुछ कर्मी जानबूझकर बैठक में शामिल नहीं हुए।

बृजबाला शर्मा ने बताया कि 27 अगस्त को आशा चयन बैठक की सूचना सभी संबंधितों को व्हाट्सएप व काल के माध्यम से दी गई थी। इसके बाद आठ सितंबर को भी बैठक के संबंध में पुनः सूचना दी गई, लेकिन सरोज यादव नौ सितंबर को आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गुप्ता, ब्लाक कोआर्डिनेटर एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी काल किए गए थे, किंतु फिर भी वह बैठक में शामिल नहीं हुईं। बृजबाला शर्मा ने बताया कि इस संबंध में सीएमओ कार्यालय, सीएचसी केलाखेड़ा, सीएचसी बाजपुर और जिला कमेटी मॉर्. बलाइज को समय पर मेल भी किया गया था। उन्होंने कहा कि उनके पास सभी प्रमाण, काल रिकार्ड, व्हाट्सएप संदेश और मेल की प्रतियां सुरक्षित हैं।


बृजबाला शर्मा ने अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र की सभी आशाओं के कार्यों की भी संस्थागत व निजी प्रसव,पीएलए और बीएचएसएनसी बैठकों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि वह 2006 से सेवा दे रही हैं और पहली बार मीडिया के माध्यम से सच्चाई सामने लाने के लिए आगे आई हैं। साथी उन्होंने कुछ आशाओं पर बेवजह मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप भी लगाया है और तीन लोगों से अपनी को खतरा बताया है।

# श्री श्याम संकीर्तन में देर रात तक झूमते रहे भक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शर्मा डेरा फुलसुंगा में आयोजित भव्य श्री श्याम संकीर्तन में देर रात तक श्याम बाबा के भजनों की रसधारा बहती रही। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निवासी आशुतोष शर्मा की ओर से किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और संकीर्तन स्थल पूरे समय श्याम मय वातावरण में डूबा रहा।

संकीर्तन का शुभारंभ विधिवत ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने भी शिरकत कर श्री श्याम बाबा की भक्ति में भागीदारी निभाई। इस मौके पर ठुकराल ने कहा भक्ति में जो शक्ति है, वह समाज को जोड़ने, हृदयों को एक करने और व्यक्ति को आंतरिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बनती है। ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द का प्रतीक हैं और हमें अपनी आस्था व संस्कृति से जोड़े रखते हैं।



संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक अमन मिश्री (वृंदावन), नीलम गंगोला और हिमांशु पारीक ने एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खाटू वाले का बुलावा आया है और श्याम तेरे बिना क्या मोल मेरी जिंदगी का जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने और भावविभोर होने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोज. कों द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भजन गायकों और अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अजय तिवारी, संजय ठुकराल, पार्षद पवन राणा, मनीष पांडे, हृदय नारायण शर्मा, विश्व शंकर शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, सत्यजीत शर्मा, संतोष पांडे, संदीप तिवारी समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वन ग्रामों एवं खत्तों को राजस्व गांव बनाने को किया प्रदर्शन




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में मंगलवार को मालिकाना हक संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने वन ग्रामों एवं खत्तों को राजस्व गांव बनाने के साथ यहां पर वर्षों से रह रहे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं देने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर नारेबा. जी एवं प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर हंगामेदार सभा करते हुए एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी की यदि दो माह के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष एस लाल ने कहा कि आज वन ग्राम में रहने वाले लोग अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित है। उन्होंने कहा कि यहां पर रहने वाले ग्रामीणों को विधायक और सांसद चुनने का तो अधिकार है, लेकिन यह लोग अपना ग्राम प्रधान नहीं चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान वोट मांगने के लिए आने वाले विभिन्न राजनी. तिक पार्टियों के लोग चुनाव में वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनता से किए वादे भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि यहां पर रहने वाले ग्रामीण अब विधानसभा व लोकसभा चुनाव में सभी राजनी. तिक पार्टियों को मुंह तोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह इन चुनावों का बहिष्कार भी करेंगे। सभा में मौजूद ग्रामीणों ने सरकार पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान मोहम्मद ताहिर, तुलसी देवी, ललित कड़कोटी, पुष्कर लाल, राम सिंह, रवि कुमार, किशोर कुमार, बालम सिंह, भूपाल सिंह, चंदन राम,ख्याली राम, शारदा देवी, रमेश चन्द्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम गैरी संधू दर्ज हो गया है, जो गलत है, जबकि उसके अन्य दस्तावेजों में उसका नाम गैरी सिंह संधू दर्ज है। मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम गैरी संधू की जगह सही नाम गैरी सिंह संधू दर्ज किया जाए।

**मुखत्यार सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह**
**निवासी- ग्राम बरी, तहसील किच्छा**
**जिला उधमसिंह नगर**

# ग्रेट मिशन स्कूल ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खिताब



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** देवभूमि सहोदया द्वारा आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बाद ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला 70 रन से जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस टूर्नामेंट में रामनगर, काशीपुर और जसपुर क्षेत्र की 18 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने उम्दा खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, लेकिन ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपने अनुशासित प्रदर्शन और बेहत. रीन टीमवर्क से सबका दिल जीत लिया।

फाइनल मैच में टॉस जीतकर ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 7 विकेट पर 159 रन बनाए। टीम की ओर से कैप्टन सूजल बिष्ट (53 रन) और शौर्य नेगी (51 रन) ने शानदार पारियां खेलीं और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गेंदबाजी में भी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को मात्र 89 रन पर ऑल आउट कर दिया। सूजल बिष्ट और प्रिंस बोहरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए। मैच में उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सूजल बिष्ट को मैन ऑफ द मैच, जबकि शानदार बल्लेबाजी के लिए शौर्य नेगी को बेस्ट बल्लेबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गय। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या डा. नलिनी श्रीवास्तव और डायरेक्टर डा. प्रसून श्रीवास्तव ने टीम के सभी सदस्यों एवं कोच मो. दानिश को बधाई दी।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी नाजरीन व उसके बच्चों को उनके गलत आचरणों के कारण उनसे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी नाजरीन व उसके बच्चों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे किसी भी परिजन का अब पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी नाजरीन व उसके बच्चों से कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी नाजरीन व उसके बच्चों से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा कोई भी परिजन उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

**हबीब अहमद पुत्र रफीक अहमद**
**निवासी- वार्ड-01 करतारपुर रोड, गदरपुर,**
**तहसील-गदरपुर, उधमसिंह नगर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक-1079/ नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक-14/10/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर पंजिका में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री कृष्ण चन्द पुत्र स्व. श्री रामी चन्द | भवन संख्या 218 वार्ड नं.-5 | श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री कृष्ण चन्द | श्री कृष्ण चन्द पुत्र स्व. श्री रामी चन्द | आवेदन मय गृहकर रशीद, श्रीमती कमला देवी का मृत्यु प्रमाण प्रमाण पत्र, श्रीमती कमला देवी का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी में अंकित अन्य सदस्यों के अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालन नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

# उपचार के दौरान घायल महिला ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** बीते शनिवार को रम्पुरा वार्ड 23 से लकड़ियां बीनने हल्द्वानी मार्ग पर बेलबाबा मंदिर के पास गई महिला कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसने उपचार के दौरान सोमवार की सायं निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड 23 निवासी करीब 50 वर्षीय महिला भानवती पत्नी स्व- नौबत राम 11 अक्टूबर को लकड़ियां बीनने लिए हल्द्वानी मार्ग पर बेलबाबा मंदिर के पास जंगल में गई थी। बताया जाता है कि जब वह मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे खड़ी हुई थी इसी दौरान तेज गति से आती कार चालक ने उसे जारे से टक्कर मार दी। जिससे भानवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए यहां एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया था। जहां भानवती ने सोमवार की सायं उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# तमंचा और कारतूस सहित संदिग्ध दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शहर में देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल, पीआरडी जवान मंतर सिंह तथा चालक ताजवीर शाही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। टीम जब इन्द्रा चौक से आगे रमपुरा चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी, उसी दौरान एक सफेद एल्टो कार संख्या यूपी 14एएस1376 तेज रफ्तार में रॉंग साइड से आती दिखाई दी। पुलिस टीम को सामने देखकर कार चालक अचानक घबरा गया और कार मोड़ने की कोशिश में गाड़ी बंद हो गई। इसके बाद चालक कार से उतरकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा। भागते समय युवक हाईवे चौड़ीकरण के लिए खुदी मिट्टी में गिर गया, जिससे उसके हाथ में हल्की चोट भी आई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता, निवासी ग्राम परेवाबेस, थाना जहानाबाद, तहसील अमरिया, जनपद पीलीभीत (उ.प्र.) के रूप में हुई। वह वर्तमान में शनि मंदिर के पास, ग्रेटर कैलाश कॉलोनी, प्रीत विहार, थाना रुद्रपुर में रह रहा था।

तलाशी में अशोक की कमर से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अशोक ने बताया कि वह वैगा कंपनी में पैकिंग का काम करता है और अफीम का नशा करता है। उसने बताया कि रौब जमाने के लिए उसने यह हथियार कुछ दिन पहले 6000 में खरीदा था। पुलिस ने जब उससे कार के कागजात मांगे तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद पुलिस ने कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर लिया।

# इमरजेंसी में बेड पर बिछी गंदी चादर देख गुस्साए दर्जा गन्ना राज्यमंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह राजू व प्रमुख भाजपा नेता राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से उप जिला चिकित्सालय बाजपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजेश कुमार ने सीएमएस पीडी गुप्ता और चीफ फार्मासिस्ट एवं मरीज से वार्ता की। पिछले सितम्बर माह में 86 बहनों की नॉर्मल डिलीवरी हुई है और इस माह अभी तक बहनों की 38 डिलीवरियां हुई है। दवा के स्टॉक में सभी दवाइयां उपलब्ध रही हैं।



विगत दिनों आए स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के द्वारा बताए गए विषयों पर चर्चा की। साथ ही 108 की सेवाओं को बेहतर और जन भावनाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा देने के लिए चर्चा हुई। दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह राजू ने इमरजेंसी में बेड पर बिछी गंदी चादर को लेकर अपनी कड़ी नाराजगी प्रकट की एवं शौचालय की साफ सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व चीफ फार्मासिस्ट दलजीत सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक वारंटी को पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को न्यायालय सिविल जज खटीमा से निर्गत गैर जमानती वारंट की तामील के क्रम में वारंटी अभियुक्त इरफान पुत्र सफीक अहमद निवासी निकट 79 मॉल डिग्री कॉलेज रोड खटीमा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसे न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि अभियुक्त इरफान को वर्ष 2021 में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था जो जमानत पर छूटने के बाद न्यायालय मे हाजिर नहीं हो रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल रविंद्र नाथ तथा होमगार्ड सूरज चंद शामिल थे।

# गड्डामुक्त हुई सड़क, लोगों को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने लंबे समय से पाइप लाइन लीकेज के चलते बना गड्ढा आखिरकार सोमवार को पाट दिया गया। यह गड्ढा आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया था।



रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से होकर स्कूल जाती थीं, जिससे उनके फिसलने या चोटिल होने का खतरा बना रहता था। अभिभावकों की चिंता को देखते हुए वार्ड नंबर दो के सभासद पति एवं समाजसेवी रमेश राय ने स्वयं आगे आकर इस समस्या के समाधान का बीड़ा उठाया। उनके निरंतर प्रयास और तत्परता से सोमवार को सड़क को पूरी तरह गड्ढामुक्त कर दिया गया। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए रमेश राय के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहित में है। इस अवसर पर समाजसेवी रमेश राय ने कहा कि नगर का विकास और जनता की सुविधा ही मेरा पहला कर्तव्य है। जहां भी जनता को दिक्कत होगी, मैं वहां खड़ा रहूंगा। नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी क्षेत्र की समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाता रहेगा।

# प्रतिबंध कफ सिरप को लेकर ड्रग्स विभाग ने की मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी

**एक मेडिकल स्टोर बंद कराया और दो मेडिकल स्टोरों को नोटिस जारी किए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सरकार द्वारा कुछ कफ सिरप पर प्रतिबंध लगाया है, जिसको लेकर मंगलवार को ड्रग्स विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से रामनगर एवं आसपास के इलाकों में मेडिकल स्टोरों पर अचानक छापामार कार्रवाई की। छापामार कार्यवाही के दौरान अधिकांश मेडिकल स्टोर स्वामी बंद कर भागते नजर आए।

अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत मंगलवार को यह अभियान रामनगर में चलाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एक मेडिकल स्टोर पर अनिमित्ताए मिली है, उसको बंद कर दिया गया है। दो मेडिकल स्वामियों पर अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी कर दिशा निर्देश दिए गए हैं। कुछ मेडिकल स्टोर पर प्रपत्र अधूरे पाए गए थे, जिसको लेकर संबंधित मेडिकल स्वामी को प्रपत्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर मेडिकल स्टोर स्वामियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही प्रतिबंधित कफ सिरप एवं दवा न बेचने की कड़ी चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी मेडिकल स्वामी विभाग के नियमों की अनदेखी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व मोहल्ला खताडी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की थी, जिसके तहत एक क्लीनिक में मौजूद दावों का निरीक्षण करते हुए कुछ दावों के मौके पर सैंपल लेने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी तो वहीं मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस क्लिनिक को बंद करने की कार्रवाई की हैं। इस दौरान वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, ड्रग्स निरीक्षक रामनगर अर्चना गहतोड़ी, औषधि निरीक्षक निधि शर्मा, औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला,नायब तहसीलदार कुंदन पूरी, राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य, एसआई गगनदीप सिंह, कांस्टेबल संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**एक महिला और उसका बालक हुआ घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सोमवार की रात कालाढूंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाजपुर रोड स्थित बन्नाखेड़ा इलाके में दो बाइकों की हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दुर्घटना में घायल एक महिला और उसका बालक का अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



रामनगर के मोहल्ला खताडी निवासी शरीफ पुत्रं जलील उम्र 40 अपनी पत्नी जन्नत और 12 वर्षीय पुत्र मोहम्मद के साथ टांडा बादली जिला रामपुर उत्तर प्रदेश की ओर से बाइक पर सवार होकर रामनगर लौट रहे थे। इसी बीच बताया जाता है कि बन्नाखेड़ा बाजपुर निवासी सूरज की बाइक इसी इलाके में आपस में भिड गई, जिसमें शरीफ एवं सूरज की मौत हो गई। मृतक शरीफ की पत्नी और 12 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका रामनगर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मंगलवार सुबह सरकारी अस्पताल में मृतक शरीफ के शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मृतक अपनी पत्नी और बेटे के साथ टांडा बादली ससुराल गया था। मृतक टेंपू चलाता था और वह पांच भाई बहन थे। मृतक के चार बच्चे हैं। दो पुत्र और दो पुत्री है। बड़ी मस्जिद के मैदान में मंगलवार दोपहर नमाजे जनाजा के बाद सैकड़ों नम आंखों के साथ मोहल्ला खताड़ी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## एक नजर

### व्यापारियों को तीन श्रेणी में मिलेगा मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अतिवृष्टि के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति में हुए नुकसान का सरकार से मुआवजा निर्गत हो चुका है।

तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण ने बताया कि मुआवजा वितरण संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वितरण कार्य जल्द किया जाएगा। गत वर्ष अति वृष्टि से हुए नुकसान का स्थानीय प्रशासन द्वारा मौके के आधार पर सर्वे किया गया था। सर्वे के आधार पर 1438 व्यापारियों का चयन किया गया। सर्वे के दौरान नुकसान शुदा व्यापारियों की तीन कैटेगिरी बनायी गयी। जिसमें लघु, मध्य एवं उच्च श्रेणी सुनिश्चित की गयी थी। 1438 व्यापारियों में उच्च श्रेणी वाले व्यापारियों को 50 हजार, मध्य श्रेणी वाले को 25 हजार तथा लघु श्रेणी वाले व्यापारी को 10 हजार रुपये का मुआवजा आवंटित होगा। राजस्व विभाग मुआवजा वितरण संबंधित कार्यवाही पूर्ण कर चुका है।

### ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक स्तरीय अंडर 14 व अंदर-19 आयु वर्ग के बालकों की दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया । जिसमें दोनों वर्गों का फाइनल मुकाबला पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज ने जीतकर ट्राफी पर कब्जा किया। 28 खिलाड़ी जिले के लिए चयनित किए गए।



मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा क्रीडा स्पर्धा के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतरामपुर के क्रिकेट मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य जयवीर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया कि अडंर -14 वर्ग में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज ने फैज ए आम इंका को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर 19 में पीपीएनटी इंटर कॉलेज व बीएसवी इंटर कॉलेज के बीच हुए। फाइनल मुकाबले में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सुभाष चंद्र, अनूप सिंह, शमशेर अहमद, तस्लीम अहमद, अजय राज सैनी, हरीश चौहान, ब्लाक खेल सह समन्वयक ताबिंदा अली, स्वतंत्र कुमार गहलोत, रवि कुमार, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### राजकीय महाविद्यालय में हुई सूचना का अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के निर्देश पर आज14 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय बनबसा में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर आयोजित कार्यशाला में पीएलबी अर्जुन सिंह, विजेंद्र अग्रवाल, दीपा देवी, हरिप्रिया जोशी, पूजा जोशी, प्रकाश चंद्र और प्रोबोनो पीएलबी देव सिंह ने प्रतिभाग किया।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत की ओर से विधिक साक्षरता शिविर लगाकर महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, साइबर अपराध से बचाव आईटी एक्ट 2000, साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर 1930, कन्या भ्रूण हत्या निषेध, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत द्वारा महिलाओं, पूर्व सैनिकों, एससी एसटी /अपराधिक हिंसा से पीड़ित लोगों/ दिव्यांगों /बीपीएल परिवारों/ थर्ड जेंडर आदि पात्र लोगों को प्रदान की जाने वाली निशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। विधिक साक्षरता शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आनंद प्रकाश सिंह,. डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉक्टर सुधीर मलिक, डा. हेम कुमार गहतोड़ी, डॉक्टर भूप नारायण दीक्षित और डॉक्टर सुशीला आर्य आदि लोग भी मौजूद थे।

### दुकान के ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** चोरों ने केडीके काम्प्लेक्स के सामने भूतपुरी रोड़ के ठाकुरद्वारा बस अड्डा से लगभग 100 मीटर दूर स्थित पांच दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने प्रयास किया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने 13 अक्टूबर की रात्रि में जनपद ऊधम सिंह नगर के नगर जसपुर के ठाकुरद्वारा बस स्टैंड के पास जसपुर-भूतपुरी रोड स्थित दो दुकानों व पास स्थित सिटी सेंटर मार्केट की तीन दुकानों के ताले तोड़ दिए। गनीमत हुई कि चोर चोरी नहीं कर पाये। चोरों के दस्तक दिए जाने से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। जसपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम सिंह ने चोरों द्वारा पांच दुकानों के ताले तोड़े जाने की घटना पर अफसोस जताया और इस संबंध में जसपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी से वार्ता की और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न घट सकें।

### धामी का 15 एवं 16 अक्टूबर को चंपावत व टनकपुर का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत/टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब मॉडल जिले के लोगों के लिए 'हर दिल अजीज' बन गए हैं। 15 एवं 16 अक्टूबर को उनका चंपावत व टनकपुर का दौरा लोगों को दीपावली की बधाइयां देने, बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं भैया दूज के अवसर पर हजारों बहनों की ओर से उन्हें भाई के रूप में दी जाने वाली मंगलकामनाएं बटोरने का है।



आम लोग उनके प्रति उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए एहसान जताना चाहते हैं। हालांकि विकास एवं लोगों की आवश्यकताओं का दौर तो कभी नहीं टूट सकता, लेकिन श्री धामी जैसे व्यक्ति का अनायास मॉडल जिले के लोगों को नेतृत्व मिलना यहां के लोग इसे किसी दैविक कृपा से कम नहीं मानते हैं । मॉडल जिले के रूप व स्वरूप को बदलने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा जो कुछ भी किया जा रहा है उसके बारे में लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था । मॉडल जिले का समग्र सोच के साथ विकास किया जा रहा है उसे देखते हुए मुख्यमंत्री को लोग अपनी भावनाओं व सद्भावना की ऐसी ताकत देना चाहते हैं जिससे उनके नेतृत्व में उत्तराखंड देश के अन्य राज्यों की प्रथम पंक्ति में खड़ा हो सके ।

# जनपदीय कला उत्सव प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राउमावि खूनाबोरा में जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समस्त प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया तथा विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के दिशा निर्देशन में पारंपरिक कहानी वाचन में सृष्टि माहरा तथा महिमा बोहरा ने द्वितीय तथा स्वदेशी खेल खिलौना 3डी विधा में मानसी बिष्ट तथा कोमल विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में ज्योति रावत, चांदनी बिष्ट, मीनाक्षी रौतेला, महिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजई छात्राओं को प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय, एसएमसी अध्यक्ष भावना देवी, पीटीए अध्यक्ष खुशाल सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# ग्राम सभा की प्रथम खुली बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम क्यारी क्षेत्र में ग्राम सभा की प्रथम खुली बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनप्रति. निधियों,अधिकारियों और ग्रामीणों ने भागेदारी की। बैठक की अध्यक्षता क्यारी क्षेत्र के प्रधान नवीन सती ने की।

क्यारी क्षेत्र के प्रधान नवीन सती ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए। खेल के मैदान और पार्किंग के लिए प्रस्ताव पास किए गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में जल्द ही एसडीएम से वार्ता की जाएगी। व्यावसायिक भवनों पर पंचायत टैक्स लगाने का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति पास किया गया है। बैठक में ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों के सामने कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखी गई, जिसमें कुछ समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान बैठक में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी आदि मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय वाराही दीप महोत्सव एक नवंबर से



**आयोजक समिति द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू की तैयारियां, जिलाधिकारी को दिया पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधूरा।** वाराही धाम में पांचवा दीप महोत्सव एक नवंबर से शुरू होगा, जिसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाज में व्याप्त नसे एवं सामाजिक कुरितियो को दूर करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय युवाओं द्वारा आयोजित किए गए इस दीप महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है तथा इसकी आयोजन में अल्मोड़ा नैनीताल सीमा से जुड़े गांवों के लोग भी अपनी पूरी भागीदारी करते हैं।

आयोजन समिति की ओर से मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट, विक्रम कठायत, विनोद जोशी, राकेश बिष्ट, नवीन राना, नरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेंद्र नाथ गोस्वामी, प्रकाश मेहरा, संजय लमगड़िया आदि लोग जिलाधिकारी मनीष कुमार से मिले तथा उन्हें आयोजन के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने आयोजन समिति को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और पहली बार एक से तीन नवंबर तक किताब कौतिक भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पुस्तकों का स्तर लगाए जाए।

# 'कौशलम्' के तहत जिले में प्रशिक्षित होंगे तीन सौ शिक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राज्य में एनईपी 2020 की अनुशंसाओं और एससीईआरटी तथा उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में कौशलम् कार्यक्रम संचालित है। जनपद में वर्ष 2025-26 के लिए व्यवसायिक शिक्षा के तहत संचालित कौशलम् कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया।



प्रथम चक्र में कक्षा 12 के 55 शिक्षकों के प्रशिक्षण का प्रारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य डा. आशुतोष वर्मा ने कौशलम् कार्यक्रम की मूल अवधारणा विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता तथा नवीन प्रोटोटाइप के विकास की सोच विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक डा. कमल गहतोड़ी के अनुसार जनपद के 97 माध्यमिक विद्यालयों (अटल उत्कृष्ट को छोड़कर) में कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक कक्षा से एक कौशलम् शिक्षक को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु कुल 302 शिक्षक एवं 16 मास्टर ट्रेनर चयनित हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के उद्यमशील विचार को व्यवसाय एवं बाजार से जोड़ना है, ताकि वह उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भरता प्रदान कर सके। कार्यक्रम के कुमाऊं प्रभारी तनुज अटवाल के अनुसार माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक कक्षा के लिए कौशलम् कार्यक्रम के अलग-अलग उद्देश्य निर्धारित हैं। जिनकी प्राप्ति के लिए शिक्षकों को कौशलम् की प्रत्येक विद्या से परिचित होना अत्यावश्यक है। प्रथम बैच के प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर डायट प्रवक्ता डा. अनिल मिश्रा, कृष्ण सिंह ऐरी, दीपक सोराड़ी, डा. लक्ष्मी शंकर यादव, डा. अवनीश शर्मा, डा. पारुल शर्मा, मनोज भाकुनी, भगवती जोशी, दिनेश गढ़कोटी के अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर दिनेश पनेरु, पुष्पा पाठक, ममता पाटनी, नीरज नाथ गोस्वाम्मी आदि उपस्थित रहे।

# खटीमा में 17 अक्टूबर को होगा भाजपा का सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा की एक बैठक का आयोजन लोक निर्माण विभाग खटीमा के अतिथि गृह में किया गया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं अगली पीढ़ी का जीएसटी सुधार के विषय को लेकर खटीमा विधानसभा सम्मेलन 17 अक्टूबर को प्रातः 1030 बजे से बंधन बैंक्विट हॉल के सभागार में करने का निर्णय लिया गया।

इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगी। कार्यक्रम संयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधानसभा प्रभारी प्रमोद मित्तल की देख-रेख में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भाजपा बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य, शक्ति केन्द्र संयोजक और विधानसभा में निवास करने वाले पार्टी के सभी नगर, जिला, प्रदेश कार्यकारणी पदाधिकारी,भाजपा के प्रकोष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्र के प्रबुद्धजन व प्रमुख व्यवसायी शिर. कत करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री रमेश जोशी, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ,पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, सोमनाथ मौर्य आदि उपस्थित थे।

# दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति ने किया बोनस वितरण

**तीन समितियों के 253 दुग्ध उत्पादकों को बांटा 2,88,979 का बोनस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. द्वारा देवकला, कुटरा एवं थारू भुड़िया में मुख्य अतिथि भागीरथी जोशी, संचालक मण्डल सदस्या दुग्ध संघ ऊधम सिंह नगर की उपस्थिति में बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों समितियों के 253 दुग्ध उत्पादकों को कुल 2,88,979.00 का बोनस वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कुटरा समिति के उत्पादकों में प्रथम स्थान पाने वाली दीपा गोस्वामी को 2,304 रुपये, द्वितीय स्थान शांति जोशी को 1,957 रुपये एवं भागीरथी जोशी को 1,908 रुपये का बोनस प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। देवकला समिति से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उत्पादक जगदीश रौतेला को 7,205 रुपये, द्वितीय स्थान देवराज रौतेला 6 ,403 रुपये एवं कल्याण चंद 3,715 रुपये बोनस प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार थारू भुड़िया के उत्पादक प्रथम स्थान निर्मला जोशी को 6,511 रुपये, द्वितीय स्थान गोदावरी देवी को 2,732 रुपये एवं जशोदा देवी 2,574 रुपये बोनस प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दुग्ध उत्पादकों को दी। साथ ही समितियों के सचिवों को आर्थिक सहायता दिये जाने बावत संस्था की ओर से सचिव बीमा योजना एवं उनके ईपीएफ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जसवीर सिंह चौहान प्रभारी पीएण्डआई दुग्ध संघ ऊधम सिंह नगर द्वारा उक्त तीनों समितियों की प्रगति रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करते हुए समय-समय पर समितियों में गोष्ठी के माध्यम से पशुपालन को बढ़ावा दिए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मनोहर सिंह क्वैराली मार्ग प्रभारी द्वारा किया गया। इस मौके पर पुष्पा पाण्डेय, कमला त्रिपाठी, मनोज कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, दुग्ध उत्पादक राजेन्द्र मेहरा, पूरन सिंह, चन्द्रशेखर भट्ट , ईश्वरी दत्त पाण्डेय एवं समाजसेवी संतोष जोशी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् डा. मनोज दास ने शैक्षणिक पुस्तक का लेखन कर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाते हुए नगर के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. मनोज दास ने एक महत्वपूर्ण और उपयोगी शैक्षणिक पुस्तक(एजुकेशन टेक्नोलॉजी एंड आईसीटी) का लेखन कर अपने क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। यह पुस्तक आधुनिक शिक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी और सूचना संचार तकनीक की भूमिका को गहराई से समझाने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण पाठ्यपुस्तक मानी जा रही है।



डॉ. दास की यह पुस्तक बीटीसी, डीएलएड, बीएड, एमएड तथा उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए तैयार की गई है, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन लर्निंग, ई-टूल्स, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर आधारित शिक्षण, वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स और शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़ी समकालीन जानकारियों को विस्तारपूर्वक और सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि शिक्षा में तकनीकी बदलावों को अपनाने और समझने के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ साबित हो सकती है। विशेष बात यह है कि इस पुस्तक को भारत सरकार के प्रमाणित उपक्रम से आईएसबीएन नंबर प्राप्त हुआ है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रामाणिकता और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति को दर्शाता है। यह पुस्तक जल्द ही भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययन एवं अध्यापन के लिए उपलब्ध होगी। डा. दास का कहना है कि आधुनिक शिक्षा में तकनीकी समावेशन आवश्यक है। आज शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि डिजिटल माध्यमों के जरिए यह विश्व स्तर पर पहुंच चुकी है। यह पुस्तक शिक्षक और विद्यार्थी के बीच उस तकनीकी सेतु को मजबूत करने का प्रयास है। डा. मनोज दास की यह पुस्तक निःसंदेह शिक्षा की नई दिशा में एक सशक्त कदम है, जो तकनीक और शिक्षा के संगम से भविष्य की पीढ़ी के लिए ज्ञान का नया द्वार खोलती है।

# जिलाधिकारी गोस्वामी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के स्थानांतरण के अवसर पर उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक नेतृत्व, कुशल कार्यशैली एवं समर्पित सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से अंत में जिलाधिकारी को पुलिस विभाग द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी देकर विदा किया गया।

समारोह के दौरान गोस्वामी ने जनपद पिथौरागढ़ में अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर एवं विशेषकर जिलाधिकारी के रूप में विगत 13 माह में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और अनुभवों को साझा किया।

उन्होंने पहाड़ी जनपदों की भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने के अपने अनुभवों को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के कर्मियों ने गोस्वामी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनकी नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और समाधानमूलक दृष्टिकोण की सराहना कर भविष्य में भी इसी तरह काम करते रहने और अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी गोस्वामी ने कवि शिवमंगल सिंह 'सुमन' की प्रसिद्ध कविता "जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला" के माध्यम से भावपूर्ण समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारीगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, कलक्ट्रेट परिवार के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गोस्वामी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# पूर्व विधायक ने की नियमितिकरण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने श्रेणी 6/2 व 6/4 की भूमि पर काबिज लोगों के नियमितीकरण को लेकर देहरादून में जाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

मीडिया से बातचीत करते हुए डॉक्टर सिंघल ने बताया कि श्रेणी 6/2 व 6/4 की भूमि पर वर्षों से गरीब लोग/ कृषक लोग काबिज हैं, परंतु पिछले दिनों में सरकार द्वारा उक्त लोगों को अपने मकान व जमीन खाली करने के नोटिस तहसील प्रशासन द्वारा दिए गए हैं, जिससे जमीन पर काबिज लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और उनके सर पर बेघर होने का खतरा बढ़ रहा है। इस बात को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उक्त विषय पर जल्द से जल्द काबिज लोगों के पक्ष में जनहित में निर्णय लेने की मांग की। विदित हो कि हाल ही में जसपुर तहसीलदार ने ब्लॉक के दर्जनों गांव में लगभग 500 लोगों को नोटिस जारी कर 6/2 व 6/4 की भूमि खाली करने का निर्देश दिया था, इससे ग्रामीणों में चिंता पसर गई तथा ग्रामीणों ने एकजुट होकर पूर्व विधायक में भाजपा नेता से संपर्क किया था। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर कहा की श्रेणी 6/2 में दर्ज भूमि के संबंध में राज्य सरकार को जेडएएक्ट के तहत पट्टा देने का अधिकार प्राप्त है।



# जनसमस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता: रयाल

## नैनीताल जनपद के नवागंतुक जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के नवागंत.ुक जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वह सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनता तक पंहुचाने, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्रदान करने, गतिमान योजनाओं व विकास कार्यों को समयबद्धता से पूर्ण करेंगे। इससे पूर्व जिलाधिकारी रयाल ने कोषागार पंहुचकर द्वितालक में जमा अभिलेखों, स्टामपों एवं तत्सबन्धी अभिलेखों का परीक्षण करने के उपरांत जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा शासन की योजनाओं और नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना प्रशासन की पहली जिमेदारी रहेगी। जिला.धिकारी ने कहा कि जिले में पर्यटन सुविधाओं को और अधिक बढ़ाए जाने तथा जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा आम जनता के कार्यों को सरलता व समयबद्धता से किए जाने व सरकार की योजनाओं का जनता तक प्रचार-प्रसार कर समय पर उनका लाभ प्रदान करने व विकास कार्यों को समय से पूर्ण करने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नैनीताल जिले में आने वाले पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित सुविधाएं मुहाया कराना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में गतिमान विकास कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हों इस हेतु लगातार उनकी मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास



अधिकारी अनामिका, अपर जिला.धिकारी (प्रशासन) विवेक कुमार रॉय एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) शैलेन्द्र सिंह नेगी, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुकल, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, परितोष वर्मा, रेखा कोहली, राहुल वर्मा, बीसी पंत, नवाजिश खलिक तथा मुख्य कोषाधिकारी कमलेश भंडारी सहित अन्य अधिक.ारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व नवागन्तुक जिलाधिकारी के जनपद मुख्यालय नैनीताल पर कलेक्ट्रेट में उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया साथ ही कार्यभार संभालने पर जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।



### डिप्टी कलेक्टर को नवीन स्थल पर तैनाती के निर्देश

डीएम ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी करते हुए अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड शासन के आदेश के क्रम में उप जिलाधिकारी कालाढूंगी परितोष वर्मा का स्थानान्तरण नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी के पद पर होने के फलस्वरूप उप जिलाधिकारी कालाढूंगी के रिक्त पद पर जनहित में वर्तमान में जिला मुख्यालय में प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय नैनीताल के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर विपिन चन्द्र पन्त को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## विकास व राजस्व कार्यों की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कार्यभार संभालने के बाद कार्यालय सभाकक्ष में मुख्य विकास अधिकारी एवं राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों के साथ जिले में विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अनामिका से जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित विकास कार्यों की तथा अपर जिलाधिकारी एवं सभी उपजिलाधिकारियों से राजस्व कार्यों के साथ ही उनके न्यायालयों में लंबित वादों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समाधान करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को ग्राम्य विकास विभाग के साथ ही कृषि, औद्यानिकी, पशुपालन, समाज कल्याण, बाल विकास व पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत आम जन हेतु संचारित योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए की प्रत्येक लाभार्थी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु समयबद्धता एवं प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं नगर विकास विभाग के माध्यम से जारी होने वाले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी हों यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यूसीसी प्रमाण पत्रों के संबंध में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। जिला.धिकारी रयाल ने कहा कि अधिकारी जनता का कार्य समय पर करें। जनता से मिलने का समय निर्धारित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनें। उन्होंने कहा कि संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। अधिकारी उत्साह व उमंग से कार्य करें। इस दौरान जिला.धिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से उनके न्यायालय में लंबित वादों की भी जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि लंबित वादों का समय पर निस्तारण हो इस हेतु निर्धारित समय पर न्यायालय में बैठकर इन वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विरासत के प्रकरण का भी समय पर राजस्व मैनुवल के अनुसार निस्तारण करें।

## निर्विवाद उत्तराधिकार के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हो

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्राय: देखा जाता है कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों में गैर विवादित नामांतरण की भू-राजस्व अधिनियम 1901 की धारा-34 के प्रकरण अत्यधिक संखया में लंबित हैं जिसके परिणामस्वरूप आर ओआर (खतौनी) को अद्यतन रखा जाना संभव नहीं हो पा रहा है साथ ही क्रेता/अन्तरित को अंतरण के फलस्वरूप प्राप्त होने वाले विधिक अधिकार एवं लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि जबकि अंतरण की सूचना उप निबन्धक के स्तर से तहसीलदार को अंतरण की तिथि को ही प्राप्त होने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त क्रेता व लेखपाल तथा पटवारी के स्तर से भी अन्तरण की सूचना प्राप्त होने पर उत्तर प्रदेश देवेन्यू कोर्ट मैन्युअल के पैरा 373 में वर्णित उद्घोषणा को उत्तर भू-राजस्व अधिनियम 1901 की धारा-197 के अनुसार तहसीलदार न्यायालय से जारी कर तामीली उपरान्त निर्धारित 30 दिन जो कि व्यवहार में 35 दिन की समय सीमा के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने पर अन्तरण के संबन्ध में नामान्तरण आदेश किये जाने की व्यवस्था है। कहा कि उद्घोषणा में वर्णित अवधि में उद्घोषणा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि के संबन्ध में आपत्ति प्राप्त होने पर सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर नामांतरण आदेश किये जाने की व्यवस्था है। यहां यह भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि नामांतरण की कार्यवाही अर्द्धन्यायिक प्रकिया है जिसमें पक्षकारों को स्वत: दिये जाने की व्यवस्था नहीं है। मूलत: नामांतरण का उद्देश्य खतौनियों को अद्यतन रखे जाने तथा भू राजस्व निर्धारण से संबन्धित है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को आदेश जारी करते हुए कहा कि जनहित में गैर विवादित नामांतरण के प्रकरणों को निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही विवादित प्रकरणों में भी त्वरित सुनवाई कर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त आदेशों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## अब चौपाल में ही होगा विरासतन का फैसला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनहित में विरासतन नामांतरण प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों व तहस.ीलदारों तथा राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भूमि स्वामी के निधन के उपरांत विरासत नामांतरण के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब अस्वीकार्य है क्योंकि इससे खातेदारों को सरकारी योजनाओं, मुआवजे और सामाजिक लाभों का समय पर लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी राजस्व ग्रामों में चौपाल लगाकर लंबित विरासत नामांतरण प्रकरणों का स्थलीय स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### बीएलओ के साथ के बारे में छात्रों को बताएं

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड के स्वीप को-ऑर्डिनेटर आलोक जोशी ने विकासखंड के शिक्षकों ने अनुरोध किया है कि वह चुनाव आयोग के वेब पोर्टल ईसीआई नेट के मॉड्यूल बुक ए कॉल बीएलओ के साथ के बारे में छात्रों को बताएं। उन्होंने कहा है कि जिससे बच्चे अपने माता पिता को इसके बारे में बता सकें। उन्होंने शिक्षकों से कहा है कि वह भी अपने स्तर से इस तरह प्रचार प्रसार कर सकें। जोशी के मुताबिक निर्वाचन आयोग की ओर से एकीकृत वेब पोर्टल (ईसीआई नेट) पर एक नया मॉड्यूल बुक ए कॉल विथ बीएलओ शुरु किया गया है जो नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित अपने प्रश्नों व समस्याओं के समाधान हेतु बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के साथ कॉल बुक करने संबंधी सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाईन किया गया है।

### सर्पदंश से सुरक्षा व बचाव की जानकारी

**नैनीताल।** वन विभाग की खुरपाताल अनुभाग अंतर्गत मंगोली वन बीट के प्राथमिक विद्यालय खमारी में मंगलवार को ग्राम प्रधान हेमचंद्र बहुखंडी की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय खमारी में ग्रीन इंडिया मिशन परियोजना अंतर्गत प्रोजेक्ट ऑफ बेहेबियल इकोलाजी एंड प्लानिंग ऑफ कनवरशेसन स्टेटीजीज ऑफ किंग कोबरा इन नैनीताल लैंडस्केप कार्यक्रम का आयोजन जेआरएफ ज्योति नगरकोटी, फील्ड अस्सिटेंट कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्प की पहचान, सर्प दंश से सुरक्षा तथा बचाव एवं जागरूकता के विषय में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम खमारी के ग्रामवासी, प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं वन दरोगा रणजीत सिंह थापा तथा वन बीट अधिकारी शिव सिंह व बीट वाचर आनंद सिंह नेगी शामिल रहे।

### उत्तराखंड की गतका टीम रही विजेता

**नैनीताल।** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष अमर प्रीत सिंह जोकि पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष भी हैं ने बताया कि गतका टीम उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का चयन करके उनका प्रशिक्षण शिविर लगाने के बाद टीम को गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिलाई (छत्तीससगढ़) भेजा गया जिसमें उत्तराखंड की टीम विजेता रही। दूसरी ओर टीम की जीत पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह समेत पंजाबी महासभा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, महासचिव राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी संदीप भुल्लर समेत विक्रम स्याल, सतीश गुप्ता, उप सचिव सुमित खन्ना इत्यादि ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कुविवि के आईपीआर सैल ने की संगोष्ठी

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इन्टीलेक्चल प्रोपर्टी राईट (आईपीआर) सैल द्वारा एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. वीना पाण्डे जैव प्रौद्योगिकी विभाग भीमताल द्वारा बताया गया कि संगोष्ठी के वक्ता डा. हिमांशु गोयल वैज्ञानिक आईपीआर सैल यूकोस्ट देहरादून ने राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 180 प्रतिभागियों को द बेसिक ऑफ आईपीआर प्रोटेक्टिंग यूअर इनोवोशंस विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बौद्धिक संप्रदा संरक्षण हेतु प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन कराते हुए जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी विभाग प्रो. तपन कुमार नैलवाल एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के समस्त शिक्षक एवं शिक्षेणतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों का दबदबा

**नैनीताल।** हल्द्वानी में 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए नैनीताल ताइक्वांडो कलब के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में लक्ष्य अधिकारी, कृतज्ञ धामी व मानसी बरगली ने सिल्वर मेडल तथा भूमिका बनवाल तथा मानस चंद्रा ने ब्रांन्ज मेडल जीता। सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए कोच व सचिव विनोद कुमार को कलब के संरक्षक व सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत अध्यक्ष विश्वकेतु वैद्य, जिले के सचिव सुनील सिंह, अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह बिष्ट, उच्च न्यायालय अधिवक्ता मनीष कुमार भट्ट समेत श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत डा. मनोज सिंह बिष्ट व सभी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### बाजार क्षेत्र में चलने वाले वाहनों पर प्रति. बंध लगाने की मांग

**नैनीताल।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया ने त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पोखरिया ने कहा है कि त्योहार के सीजन में बाजारों में लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही में घटना की संभावना रहती है। उन्होंने त्योहारी सीजन के चलते तल्लीताल व मल्लीताल बाजार में सुबह दस बजे से आठ बजे तक वाहनों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। एसडीएम नवा.जिश खलिक ने बताया कि इस संबंध में थाना व कोतवाली पुलिस को निर्देशित कर दिया गया है। त्योहारी सीजन में सुबह दस बजे से शाम आठ बजे तक बाजारों में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

# पोस्टर मेकिंग में सानिया को प्रथम पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं क्वालिटी कनेक्ट फॉर हाउस होल्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक क्यूरो देहरादून द्वारा बीआईएस स्टैण्डर्ड क्लब के विद्यार्थियों के लिये पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (विषय सतत विकास लक्ष्य, तक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक भागीदारी एसडीजी 17) एवं क्वालिटी कनेक्ट फॉर हाउस होल्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य वक्ता बीआईएस के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो की कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया गया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था है। बीआईएस मानकीकरण के माध्यम से उद्योग तथा उपभोक्ता व सरकार के मध्य साझेदारी सुदृढ़ हो रही है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के उपरांत विजेताओं को प्राचार्या अंजु सिंह, रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे तथा मेंटर कविता रानी एवं भावना डौडियाल द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार के रुप में सानिया को एक हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार मदीहा को 750 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में हितेव को 500 रुपए जबकि चतुर्य पुरस्कार प्रिंस को 250 रुपए दिए गए।

# सैनिक स्कूल, ऑलसेंट्स व ब्लू टीम विजयी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कालेज में आयोजित 12वीं अंतर विद्यालयीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता का पहला मैच ऑल सेंट्स कालेज रेड टीम और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बीच खेला गया जिसमें सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 24-2 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से कविता गुप्ता ने 8 तथा तनुजा बिष्ट ने 7 अंक अर्जित किए। दूसरा मैच ऑल सेंट्स कॉलेज की व्हाइट टीम और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कालेज नैनीताल के बीच खेला गया। यह मुकाबला कड़ा रहा परंतु ऑल सेंट्स कॉलेज




व्हाइट टीम ने 10-8 से जीत अपने नाम की। विजेता टीम की अनन्या पिमोली ने सबसे अधिक 8 अंक बनाए जबकि नंदिनी बिष्ट ने 2 अंक जोड़े। सेंट मेरीज की ओर से तरनप्रीत कौर ने 6 अंक का योगदान दिया। तीसरा मुकाबला ऑल सेंट्स कालेज ब्लू टीम और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में ऑल सेंट्स कालेज ब्लू टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 35-16 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की जायना रहमान ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 19 अंक बनाए जबकि आरवी शर्मा और दिव्यांशी बिष्ट ने 4-4 अंक जोड़े। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की ओर से तनुजा बिष्ट ने 6 और कविता गुप्ता ने 4 अंक अर्जित किए। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक उनका हौसला बढ़ाया। बुधवार आज प्रात: प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल ऑल सेंट्स कॉलेज बलू टीम और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बीच होगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल ऑल सेंट्स कॉलेज व्हाइट टीम और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। प्रतियोगिता में रेफरी दल में भुवन सिंह बिष्ट, राजीव गुप्ता, हरीश चौधरी, फरीद अहमद, हरीश जोशी, शेरब खंपा और विनोद कनारी शामिल रहे। ऑल सेंट्स कालेज के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, दिक्षित बिष्ट, मयंक रावत, भुवन पडियार, भूपेंद्र सिंह रावत तथा अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट ने याचिका को आधारहीन पाते हुए लगाया 5 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गोवि.बंद बल्लभ पंत इनजीनियरिंग व टेक्नोलोजी कालेज घुड़दौड़ी (टेहरी) के रजिस्ट्रार की अवैध तरीके से हुई नियुक्ति को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता की याचिका को कोर्ट ने आधारहीन पाते हुए उन पर 5 लाख का जुर्माना लगाते हुए इस राशि को कोर्ट ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में 6 सप्ताह के भीतर जमा करने को कहा है। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने इस याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दी। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार टेहरी निवासी अजय किशोर बहुगुणा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी घुड़दौड़ी (टेहरी गढ़वाल) कालेज के रजिस्ट्रार संदीप कुमार इस पद पर बने रहने के योग्य नहीं हैं। इस पद पर बने रहने के लिए उनके पास मानकों के अनुरूप शैक्षणिक दस्तावेज नहीं है। कालेज के प्रशासन को चलाने के लिए कम से कम 5 साल का अनुभव व शैक्षणिक सत्र का अनुभव होना आवश्यक है जो इनके पास नहीं है। इसलिए इन्हें इस पद से हटाया जाए। इसका बिरोध करते हुए कालेज के अधिवक्ता की तरफ से कहा गया कि उनकी इस पद नियुक्ति करने का निर्णय बोर्ड ऑफ गवर्नर ने लिया है। उनकी नियुक्ति नियमों के तहत हुई जबकि उनकी नियुक्ति इस पद पर वर्ष 2019 में हो गयी। 6 साल बीत जाने के बाद अब उनकी नियुक्ति को चुनौती देना न्याय के खिलाफ है इसलिए याचिका कर्ता की याचिका को निरस्त किया जाए, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता पर 5 लाख का जुर्माना लगाते हुए उसकी याचिका को निस्तारित कर दी।

### हत्यारोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल हरीश कुमार गोयल द्वारा हत्या के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। धीरज नगरकोटी पुत्र अमर सिंह निवासी खादी रोड जैंती लमगड़ा (अल्मोड़ा) के जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 4 जून 2025 को थाना भीमताल में सुरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र मदन सिंह भीमताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 मई 2025 रात्रि 11.30 बजे करौली स्थित बम्बू हट रेस्त्रा में देवेंद्र सिंह सैफ के काम करते थे। इस दौरान दो लोग शराब पीकर गाली गलौच कर रहे थे जिन्हें देवेंद्र सिंह ने गाली गलौच करने से मना किया तो इन दो युवकों धीरज नगरकोटी व केदार सिंह ने उन पर हमला कर दिया। जिन्हें गंभीर स्थिति में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया। लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा द्वारा जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए बताया कि घटना के चश्मदीद गवाह हैं और मोबाइल से वीडियो भी बनाई गई है। इस आधार पर कोर्ट ने आरोपी धीरज नगरकोटी की जमानत खारिज कर दी।

## कर्मचारियों की सात रिट याचिकाएं खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचा.लित स्कूलों के कर्मचारियों की सेवा समाप्ति से जुड़ी सात रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि सोसायटी और इसके तहत संचालित स्कूल न तो सरकारी सहायता प्राप्त करते हैं, न ही उन पर किसी प्रकार का प्रशासनिक या वित्तीय नियंत्रण है, इसलिए ये संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत राज्य की परिभाषा में नहीं आते और इनके खिलाफ रिट याचिका नहीं दायर की जा सकती। मुख्य याचिकाकर्ता कंचन चंद समेत अन्य ने सेवा समाप्ति को चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे संस्थानों और उनके कर्मचारियों के बीच संबंध निजी अनुबंध पर आधारित होते हैं, जिनमें सार्वजनिक कानून लागू नहीं होता। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को श्रम न्यायालय या सिविल कोर्ट जैसे अन्य वैकल्पिक कानूनी मंचों पर जाने की छूट दी है।

### भूमि अधिग्रहण की होंगी सूचीबद्ध

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष ही सूचीबद्ध की जाएंगी। यह निर्णय खेम सिंह चौहान व अन्य द्वारा दायर जनहित याचिका के संदर्भ में लिया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) की ओर से जारी सूचना में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल को निर्देशित किया गया है कि लंबित याचिकाओं का विवरण न्यायिक अनुभाग को दिया जाए। साथ ही, नई याचिकाएं दायर करते समय यह स्पष्ट किया जाए कि वे इस आदेश के दायरे में आती हैं।

# लोकनृत्य में सैनिक स्कूल रहा प्रथम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में हीरक जयंती समारोह के अवसर पर अंतर-विद्यालय लोकनृत्य



प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. हरीश रौतेला और विशिष्ट अतिथि हेम आर्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्रथम महिला श्वेता डंगवाल भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 15 विद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, मोहन लाल शाह बालिका विद्यालय नैनीताल, लेकस इंटरनेशनल स्कूल भीमताल, अशोक हॉल रानीखेत, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत, निर्मला कॉन्वेंट गेठिया सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालय शामिल रहे। विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिनसे सभागार ताल और रंग से गूंज उठा। सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता, सृजनात्मकता और विविधता में एकता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, द्वितीय स्थान मोहन लाल शाह बालिका विद्यालय नैनीताल तथा तृतीय स्थान लेकस इंटरनेशनल स्कूल भीमताल को प्राप्त हुआ। निर्मला कॉन्वेंट स्कूल गेठिया को विशेष पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्य ग्रप कैप्टैन विजय सिंह डंगवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। डा. हरीश रौतेला ने विद्यालय की वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना और सांस्कृतिक गर्व को प्रबल करते हैं।

# विधिक शिविर में जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल /जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सीडि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा मंगलवार को लैंगिक न्याय, ट्रांसजेंडर लोगो के अधिकार तथा लैंगिक समानता तथा सभी स्तरों पर पूर्ण एवं समान प्रतिनिधित्व एवं भागीदारी तथा सभी महिलाओं एवं लड़कियों के सशक्तिकरण के विषय पर श्री ऐपाल देवता आदर्श राजकीय इंटर कालेज पटवाडांगर विद्यालय मे विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में सचिव पारुल थपलियाल द्वारा भारतीय सविधान के समानता का अधिकार पर बल देते हुए महिला पुरुष के समानता के अधिकार के बारे में बताया गया। बताया कि लैंगिक समानता यह सुनिश्चित करना कि सभी लिंगों के लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिले।

समान काम के लिए समान वेतन, कानूनी और संवैधानिक अधिकार और शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मिले तथा महिला सशक्तिकरण में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रक्रिया ताकि वे अपने जीवन के बारे में सूचित निर्णय ले सकें और अपनी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग कर सकें। शिविर मे घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधि.नियम के बारे मे विस्तार पूर्ण जानक.ारी दी गई, साथ ही मोटर वाहन अधि.नियम सड़क सुरक्षा, पॉस्को अधि.नियम, बाल विवाह संबन्धी जानकारी दी गई। शिविर में प्राधनाचार्य विनोद कुमार जीना समेत पीएलबी यशवंत कुमार सहित समस्त गुरुजन व कर्मी मौजूद रहे।

# पेट दर्द का उपचार कराने पहुंची किशोरी निकली गर्भवती

## मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पेट दर्द का उपचार कराने पहुंची 16 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टी हुई है। अल्ट्रासाउंड जांच में किशोरी एक माह की गर्भवती निकली है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने किशोरी से पूछताछ के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई में जुटी हुई है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को भवाली कोतवाली क्षेत्र की एक 16 वर्षीय किशोरी के पेट में दर्द हुआ। दर्द के उपचार के लिए किशोरी अपनी मां के साथ नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंची। पेट में दर्द के कारण का पता लगाने के लिए डाक्टर ने अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लिखा। किशोरी की अल्ट्रासाउंड जांच रिपोर्ट डाक्टर ने जब देखी तो किशोरी एक माह की गर्भवती निकली। किशोरी के गर्भवती होने की खबर से मां व परिजनों को भारी सदमा लगा है तो वहीं यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। जिला अस्पताल की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंच किशोरी व उसकी मां से इस संबंध में गहन पूछताछ की। मामले में एसपी (अपराध व यातायात) डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि मामले में पूछताछ के बाद भवाली कोतवाली में मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्र को किराए के भवन में शिफ्ट किया

**नैनीताल।** समीपवर्ती बल्दियाखान क्षेत्र में जर्जर भवन में आंगनबाड़ी संचालन पर लोगों की नाराजगी के बाद प्रशासन चौकन्ना हो गया है। एसडीएम के निर्देश के बाद बल्दियाखान में ही किराए का भवन तलाशने के बाद आंगनबाड़ी शिफ्ट कर दी गई है। बता दें कि बल्दियाखान क्षेत्र में स्थित बंद व जर्जर प्राथमिक पाठशाला में संचा.लित आंगनबाड़ी के संचालन का वीडियो बनाकर अधिवक्ता सुभाष जोशी ने सोशल मीडिया में डाला था।

## गाली गलौच व घर में तोड़फोड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल सैनिक स्कूल क्षेत्र के दो लोगों ने एक युवक पर उनके साथ गाली गलौच करने व घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। कोतवाली में शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मल्लीताल सैनिक स्कूल क्षेत्र निवासी हेम चंद्र जोशी व गिरीश ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि सोमवार को लगभग शाम चार बजे उनके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उन दोनों के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर युवक गाली गलौच करने लगा। वहीं उनको मारने की भी कोशिश की साथ ही मारने के लिए पत्थर भी उठाया और बैट से मां पर भी आक्रमण किया। जिसके बाद लोहे का संबल लाकर दरवाजे तोड दिये और घर में घुसकर मारपीट करने की कोशिश की। हल्ला होने पर वह भाग गया। उन्होंने युवक से खतरा होने की बात कही है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि शिकायत के आधार पर मल्लीताल निवासी देवेंद्र आर्य के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# राहुल की फिफ्टी: भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता

● **भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्द्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया। वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक खूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्द्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए




## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीत तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

● **भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाज़ी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है। आखिरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था। दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आखिरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए।

## गिल ने इंग्लैंड में कप्तानी की परीक्षा पास कर ली थी: गंभीर



● **व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है खासकर उनके लिए जो तीनों फॉर्मेट में खेलते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुमराह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे। 2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा कि व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ से पहले रणजी ट्रॉफी खेलना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह कुछ ऐसी चीज़ है, जिसे इन खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से अपने ऊपर लागू किया है। वे टेस्ट क्रिकेट की तैयारी सही ढंग से कर रहे हैं और वह परिणामों में भी दिख रहा है। मुझे लगता है कि जो भी खिलाड़ी सिर्फ टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा हैं, उनके लिए घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है, बजाय इसके वह सिर्फ एनसीए जाए और अपने स्किल पर काम करें।

### हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आलोचनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते। राणा के पिता चयनकर्ताओं के कोई पूर्व चेयरमैन या कोई पूर्व क्रिकेटर या कोई एनआरआई नहीं हैं। आप किसी की आलोचना उसके प्रदर्शन पर करिए और इसके लिए भी कोच और चयनकर्ता बैठे हुए हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार मैत्री, खेल भावना और एकजुटता के प्रतीक हैं। नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कोथीम, स्पेन के एंटोनियो रोजास और जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ ने ओलंपिक संग्रहालय में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्राप्त किए। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फेयर प्ले समिति ने स्कोथीम का चयन इसलिए किया क्योंकि उन्होंने पोल वॉल्ट में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने में असफल रहने के बावजूद पुरुषों की डेकाथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रखा।

#### पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और जॉश इंगलिस

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के खिलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फिलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे।

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर पिचों की वकालत की

● **भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई, अहमदाबाद में विंडीज की दो बार खराब बल्लेबाजी हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पांचवें दिन के पहले घंटे में ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दिल्ली की पिच बेहतर हो सकती थी।

न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर 3-0 से मिली करारी हार के बाद, जहां काफी स्पिन मिल रही थी, भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाईं। अहमदाबाद में, वेस्टइंडीज को दो बार खराब बल्लेबाजी का सामना करना पड़ा, जहां टीम 44.1 और 45.1 ओवर में ढेर हो गई। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कुछ सबक सीखे और एक ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन किया जो और भी सपाट लग रही थी। गंभीर ने इस पर ज्यादा रन न बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। गंभीर ने कहा कि मुझे लगा था कि यहां हमें बेहतर विकेट मिल सकता था। हां, हमें पांचवें दिन नतीजा जरूर मिला, लेकिन मुझे लगता है कि किनारों को स्लिप में पहुंचने की जरूरत है। भारत ने दिल्ली में दोनों पारियों में कुल 200-4 ओवर खेले, जिनमें से 118-5 ओवर दूसरी पारी में खेले, जब शुभमन गिल ने फॉलो-ऑन दिया। बुमराह ने इस मैच में 31-5 ओवर फेंके,

जबकि सिराज ने 24 ओवर डाले। उन्होंने फिर भी बिना किसी रुकावट के शानदार मौके बनाए, लेकिन अक्सर बल्लेबाज़ों ने गेंद की लाइन के पीछे आसानी से पहुंचकर उन्हें नाकाम कर दिया। गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज़ों के लिए भी कुछ होना चाहिए।मुझे पता है कि हम स्पिनरों की अहम भूमिका के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन जब आपके पास दो अच्छे तेज गेंदबाज़ हों।

## इंग्लैंड की नजरें संघर्षरत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत पर

**कोलंबो, वार्ता।** लगातार तीन जीत के साथ, इंग्लैंड महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 16वें मैच में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। कप्तान नैट शिवर-ब्रंट की अगुवाई में, इंग्लैंड ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें शक्तिशाली बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का संयोजन अपने विरोधियों को मात देने के लिए किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 117 रनों की शानदार पारी खेलने वाली शिवर-ब्रंट और केवल 17 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन इंग्लैंड की सफलता के केंद्र में रही हैं। उनके मैच जिताऊ प्रदर्शन ने टीम को तालि.

## भरथ थम्मिनेनी 8000 मी. से ऊंची 9 चोटियां फतह करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आंध्र प्रदेश के कर्नूल के रहने वाले 36 वर्षीय पर्वतारोही भरथ थम्मिनेनी ने दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ाई कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

सोमवार सुबह चीन के समयानुसार 6:55 बजे भरथ ने चो ओयू (8,188 मीटर)-जो विश्व की छठी सबसे ऊंची चोटी है। के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की है। भरथ थम्मिनेनी भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था बूट्स एंड क्रेम्पोंस के संस्थापक हैं। उन्होंने अब तक दुनिया की 14 एट थाउजेंडर (8,000 मीटर से ऊंची) पर्वत चोटियों में से नौ पर सफलता प्राप्त की है। नेपाल की संस्था क्लीम्बलाया के सहयोग से यह चढ़ाई उन्होंने स्व. समर्थित अभियान के रूप में पूरी की है जिसकी सफलता के साथ वे भारत के सबसे सफल उच्च-ऊंचाई पर्वतारोहियों में शुमार हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद भरथ ने कहा कि यह चढ़ाई सिर्फ मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय पर्वतारोही को समर्पित है जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को छूने का सपना देखता है। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार, दोस्तों, बूट्स एंड क्रेम्पोंस की टीम और भारत की उस अदम्य भावना को समर्पित करता हूं जो हर बार मुझे नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

### भारत के जॉबी मैथ्यू ने पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियन में जीता कांस्य पदक

**काहिरा, वार्ता।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जॉबी मैथ्यू ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। 65 किग्रा लीजेंड (मास्टर्स) वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, जॉबी ने 148 किग्रा और 152 किग्रा का प्रभावशाली भार उठाकर कुल 300 किग्रा का भार उठाया और पोडियम स्थान हासिल किया। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा (155, 159, 162) उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरू के नील ग्रासिया ने 161 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। जॉबी का पदक तक का सफर धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 147 किग्रा का उनका पहला भार अमान्य घोषित होने के बाद, उन्होंने इसे एक व्यक्तिगत चुनौती के रूप में लिया और दूसरे प्रयास में 148 किग्रा तक भार उठाया और इसे त्रुटिहीन तरीके से पूरा किया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने अपना वजन 152 किलोग्राम तक बढ़ाया और दो महीने पहले बीलजग विश्व कप में हासिल किए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किलोग्राम को पार करते हुए सफलतापूर्वक भार उठाया। यह पदक जॉबी का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है, इससे

## सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है: गिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ष्टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं। प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं। उस एक्स-फैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं। सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फॉलो-ऑन दिया।

E-Mail ID- pmrudrapurusn@gmail.com

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
ए-31, प्रथम तल, रिंग रोड़, आवास विकास, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर), पिन- 263153

पत्रांक : 2797 / निविदा /183 दि0 13/10/ 2025

**निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 2602/निविदा/161 दिनांक 22.09.2025 द्वारा आमंत्रित निविदा, जो दिनांक 14.10.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा के व्रिक्रय आमंत्रण एवं खोलने की तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व निर्धारित दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | 13.10.2025 सांय 5.00 बजे | 29.10.2025 सांय 5.00 बजे |
| 2 | निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि | 14.10.2025 अपरान्ह 03.00 बजे | 30.10.2025 अपरान्ह 03.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 14.10.2025 अपरान्ह 03.30 बजे | 30.10.2025 अपरान्ह 03.30 बजे |

अन्य निमय व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(नरेन्द्र नवानी)
परियोजना प्रबन्धक

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप खण्ड टनकपुर**

पत्रांक: 119/सहा0 अभि0 द्वि0 /निविदा / दिनांक 14.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या -07/सहा0 अभि0 द्वि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मुहरबन्द निविदाये दिनांक तक वर्णित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 30.10.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिपत जी0एस0टी0 सहित) जमाकर, इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो बिड प्रणाली में होगी। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0, टी0डी0आर0 एवं सी0डी0आर0 के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड टनकपुर के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जमानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नही की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0 1.00 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विभिन्न लि0सि0यों0 में अर्द्धकुशल श्रमिकों एवं कार्यालय सहायक अभियन्ता नलकूप उपखण्ड चम्पावत में चौकीदार उपलब्ध कराये जाने का कार्य। | 1 जॉब | 21000.00 | 1000.000+ जी0एस0टी018% | 06 माह |

नोट-अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप खण्ड टनकपुर

### कलियर पुलिस व एसओजी रुड़की ने किया बच्चा चोरी की वारदात का खुलासा

# मासूम को 6 लाख में बेचा गया था मेरठ

## बच्चा सकुशल बरामद, बेचने व खरीदने वाले छह लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बच्चा चोरी की घटना को खुलासा करते हुए बच्चे को मेरठ से शकुशल बरामद कर लिया है। वही एक दिव्यांग चार महिला सहित 6 लोगों की गिरफ्तार कर जेल भेजा।

सिविल लाइंस कोतवाली में घटना खुलासा करते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को अमरोहा ज्योतिबा फुले नगर निवासी जहीर अंसारी ने कलियर पुलिस को बताया था कि वह अपने तीन माह के बेटे के साथ जियारत के लिए आए थे और रात बिताने के लिए एक दुकान के पास रुक गए थे। देर रात दो महिलाएं उनके पास आई और कुछ लोगों द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत करते हुए वहां रुक गई। इस दौरान महिलाओं ने दंपति से जान पहचान बढ़ाई और कुछ समय बाद उनमें से एक शिकायतकर्ता को चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गई और दूसरी महिला सो रही महिला की गोद से उसके बच्चें को चोरी कर फरार हो गई।पुलिस ने पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी



थी। एसएसपी ने सीआईयू सहित कई टीमों का गठन किया गया था।पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से मेरठ पहुंची और वहां एक व्यक्ति जो की पर से दिव्यांग है मोहम्मद लंगड़ा को पूछताछ के आधार पर हिरासत में लिया। इसके बाद संदिग्ध महिलाओं तक पुलिस जा पहुंची और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बच्चों को चोरी करने के बाद बेचने की वारदात को कबूला। जांच में पता लगा कि बच्चे का अंतिम खरीददार मेरठ का कारोबारी विशाल गुप्ता था जिन्हें शादी के 10 साल बाद भी कोई संतान नहीं थी और उनकी पत्नी उपचार एक अस्पताल में चल रहा था जहां उनका संपर्क अस्पताल कर्मचारी नेहा शर्मा से हुआ। नेहा शर्मा ने एक गरीब दंपति का बच्चा दिलवाने की बात

**❖अमरोहा से जियारत को आये एक परिवार का तीन दिन पूर्व तीन माह का मासूम कलियर दरगाह से हुआ था चोरी**

कही और बच्चा चोरी का प्लान बनाया।योजना के मुताबिक बच्चा चोरी में शामिल शहनाज व सलमा मोहम्मद लंगड़ा गाड़ी से कलियर पहुंचे और यहाँ सब बच्चा चुराया। उन्होंने बच्चा 3 लाख में आंचल को बेचा,फिर आंचल द्वारा 3,90,000 में नेहा शर्मा को बचा के अंत में नेहा शर्मा ने भी एक लाख रुपए का मुनाफा कमाते हुए बच्चों को 4 लाख 90 हजार रुपये में विशाल गुप्ता को बेचा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आस मोहम्मद लंगड़ा पुत्र शकरुद्दीन निवासी कांच वाला पुल अहमदनगर मेरठ,शहनाज पत्नी आस मोहम्मद, सलमा पत्नी राजा निवासी श्याम नगर मेरठ,अंचन पत्नी महेंद्र तिवारी निवासी सीएमओ कंपाउंड मेरठ, नेहा शर्मा पत्नी अमित शर्मा निवासी शास्त्री नगर मेरठ और विशाल गुप्ता और अच्छी पुत्र बालेश्वर गुप्ता निवासी सैनिक विहार मेरठ को जेल भेज दिया गया है

# नगर निगम में अश्लील डांस मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम सभागार में अश्लील डांस करने एवं नगर निगम की संपत्ति और नुकसान पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रुड़की नगर निगम सभागार में कुछ यूट्यूबर एवं युवतियों द्वारा अश्लील डांस किए जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद नगर के कई जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर सवालिया निशान खड़े किए थे। वहीं मामले में पता लगा कि इस सभागार को नौ अक्टूबर की शाम कवि सम्मेलन के वार्ड एक की पार्षद सोनिया के द्वारा बुक किया था लेकिन उसमें कवि सम्मेलन नहीं हुआ। उसमें अमजद नौ दो ग्यारह नाम के यूट्यूबर का जन्मदिन मनाया गया जिसमें अश्लील डांस किया गया। इतना ही नहीं निगम में लगी कुर्सियों से भी तोड़फोड़ की गई।मामले में पार्षद सोनिया देवी एवं अन्य पार्षदों ने तहरीर पुलिस को दी। अब मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा भगवानपुर मार्ग पर दरियापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे यूवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी आदेश (28) मंगलवार सुबह करीब 9 बजे भगवानपुर किसी काम से गया था। जब वह करीब 11 बजे वापस आ रहा था तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।जिसमें बाइक सवार आदेश की मौके पर ही मौत हो गई।घ्घटना के बाद, ट्रक चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही इमलीखेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस हादसे से परिजनों में शोक की लहर है। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि फरार ट्रक चालक व ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सिविल लाइन पुलिस का मोबाइल स्नैचिंग गैंग पर बड़ा एक्शन

# मोबाइल स्नैचिंग की दो वारदातों का खुलासा, दो शातिर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने दो चौन स्नैचरो को दबोच कर उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल,दो तमंचे व जिंदा कारतूस व घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी व अन्य कीमती सामान बरामद किया है।

**❖ लग्जरी लाइफ जीने के लिए लिया शॉर्टकट, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, 2 तमंचे, जिंदा कारतूस, 11 मोबाइल व नगदी बरामद**

जानकारी के अनुसार वादी यश चौधरी निवासी ग्राम अकरवास कानैनी जिला बुलंदशहर एवं वादी हर्षिता बिष्ट पुत्री देवेंद्र सिंह बिष्ट निवासी गली नंबर 22 कृष्णा नगर रुड़की के द्वारा स्कूटी सवार दो व्यक्ति द्वारा अलग-अलग स्थानों पर झपट्टा मारी कर दो मोबाइल छीन कर ले जाने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर क्रमशः मुकदमा अपराध संख्या 338/25 व 339/25 धारा 304 बीएन एस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना के अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा गहन पतारसी सुरागरसी



करते हुए मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को नहर पटरी से ए टू जेड जाने वाले रास्ते से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, 02 तमंचे, 02 जिन्दा कारतूस, 11 मोबाइल व नगदी के साथ दबोचा गया। बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपी लग्जरी लाइफ जीने के शौकीन हैं, अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्त 1-सलमान पुत्री इकरार निवासी भारत नगर निकट त्यागी स्कूल थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2-समीर पुत्र मुन्ना निवासी गुलाब नगर जमा परचून वाले की दुकान के पास कोतवाली गंगानगर जनपद हरिद्वार हैं उनसे बरामदगी में 1-दो अवैध तमंचे 2-दो जिंदा कारतूस 3-चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन 4-चोरी किए गए मोबाइल बेच कर प्राप्त किए गए 10000 5-घटना में प्रयुक्त स्कूटी नंबर यूके 17 वी 3520 किय हैं। पुलिस टीम में निरीक्षक मनीष उपाध्याय व0 उप निरी मनोज गैरोला उप निरीक्षक सूरज शर्मा अपर उपनिरीक्षक आषाढ़ सिंह पवार अपर उपनिरीक्षक नरेंद्र राठी हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता कांस्टेबल सुरेंद्र लाल कांस्टेबल तेजवीर का0 भूपेंद्र आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में सघन चेकिंग और निगरानी के दौरान, लक्सर क्षेत्र के एक स्थान से एक शराब तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अभिषेक सैनी पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह, निवासी ग्राम इस्माइलपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 05 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।अवैध शराब तस्करी के आरोप में अभियुक्त अभिषेक सैनी के विरुद्धलक्सर अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में शामिल सदस्य: उ0नि0 नीरज रावत कानि0 महेन्द्र सिंह राजेन्द्र बिष्ट लक्सर पुलिस की यह लगातार सतर्कता क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस द्वारा क्षेत्र में नियमित चेकिंग के दौरान, एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह अभियुक्त क्षेत्र में अवैध चाकू लेकर घूम रहा था और लोगों को डरा-धमकाकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शहजाद पुत्र रसीद, निवासी ग्राम खण्डजा कुतुबपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। टीम में शामिल सदस्य:उ0नि0 आशीष भट्ट हे0का0 स्वदेश कुमार राय श्हे0का0 मनोज सामिल रहे।

# भाकियू रोड़ की महापंचायत में गरजे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन रोड गुट की महापंचायत का आयोजन नगर निगम के पास किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने किसानों के मुद्दों को उठाया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों को बारह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महापंचायत नगर निगम के समीप शुरू हुई। महापंचायत को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड में कहा कि आज समस्याओं को लेकर किसान त्रस्त है लेकिन इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार कई बैठकों और वार्ताओं के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। इसके बाद महा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन भी किसान करेंगे।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिया गया है जिसमें लंबे समय से नियुक्त चकबंदी अधिकारियों का तबादला और नए अधिकारियों की नियुक्ति, एनएचआई के द्वारा बनाए गए हाईवे के किनारे खेतों से पानी निकासी के इंतजाम, अंडरपास में पानी की निकासी नहीं है जिसकी पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए,आरटीओ द्वारा किसानों से चालान के नाम पर अवैध वसूली न की जाए,किसानों के ट्यूबवेलों पर बिजली मुफ्त दी जाए,ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्ड बनाया जाए। इकबालपुर शुगर मिल पर बकाया भुगतान का जल्द समाधान किया जाए,गन्ने का दाम 500 रुपए कुंतल किया जाए,आपदा में हुई फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिया जाए,टोल प्लाजा के आसपास के निवासी किसानों के आवागमन पर उन्हें परेशान ना किया जाए। किसानों को सोलर प्लांट पर पूरी सब्सिडी दी जाए, ढंडेरा नगर पंचायत में तालाबों पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त किया जाए, किसानों को जबरन कीटनाशक दवाइयां ना दी जाए जिसकी मांग की जाए वही दवाइयां दी जाए। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन टोडा,जिलाध्यक्ष नाजिम अली, इंदर सिंह रोड,एडवोकेट सलमान, रिजवान, इरशाद का, शाहजहां, अनीस प्रधान, इकबाल प्रधान, हिमांशु रोड, सतवीर रोड, सागर रोड,नाजिम अली,मुबारक अली,



प्रदीप त्यागी, उमेश पुंडीर, अनिल पुंडीर, परवेज प्रधान, डॉक्टर सुशील,पप्पू, सुलेमान, बबलू त्यागी,मंजेश, रोड,लकी रोड, शुभम चौहान,प्रवीण कुशवाहा, अनीश प्रधान आदि किसान उपस्थित रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन गिरफ्तार

**लंढौरा।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 03 अभियुक्त को 170 में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रात्रि पुलिस गस्त पार्टी मोहनपुरा मोहम्मदपुर क्षेत्र में मामूर थे कि कंट्रोल रूम 112 द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि दो पक्षों में मोहम्मदपुर में सड़क सरेआम शोर शराबा व आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचे तो दोनों पक्ष आपस में लड़ झगड़ रहे थे जिनको पुलिस गस्त पार्टी द्वारा समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माने एवं और उत्तेजित होकर आपस में मरने मरने पर उतारू हो गए कोई और चारा ना देख अंतर्गत धारा 170 ठछै मैं गिरफ्तार किया गया नाम पता पूछने पर प्रथम पक्ष द्वारा अपना नाम राजेश कुमार पुत्र जसराम निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार व दूसरा पक्ष देशराज पुत्र धर्म सिंह, आदित्य पुत्र देशराज निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार उम्र 22 वर्ष बताया।

## दरगाह दानपात्र गिनती में गड़बड़ी का आरोप सुपरवाइजर निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के दानपात्र की गिनती के दौरान अनियमितता के आरोप में दरगाह प्रबंधन ने सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक अगस्त को साबरी गेस्ट हाउस में दानपात्रों की गिनती की जा रही थी। जिसमें सुपरवाइजर सिकंदर की ड्यूटी लगाई गई थी। गिनती के दौरान सुपरवाइजर पर दानपात्रों से धनराशि उठाकर जेब में रखने का आरोप लगा। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दरगाह प्रबंधक रजिया ने कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर सिकंदर को अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया है।दरगाह प्रबंधक रजिया ने बताया कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अग्रिम आदेशो तक सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया।

**वहीं** न्यायालय से वंचित चल रहे अभियुक्त को थाना क्षेत्र के ग्राम सेलमपुर बक्काल से एक वारंटी को गिरफ्तार कियागिरप्तार वारंटी का नाम रवि कश्यप पुत्र राजपाल सिंह है, जो सलेमपुर बक्काल, लक्सर का निवासी है। रवि कश्यप वाद संख्या 67/2025 से संबंधित न्यायालय द्वारा जारी वारंट में वांछित था।

# बिजली चोरी में निलंबित एसडीओ लंढौरा व मंगलौर फिर हुए बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नारसन बिजली घर में मीटर से छेड़छाड़ के मामले में निलंबित दो उपखंड अधिकारियों को जांच कमेटी द्वारा क्लीन चिट मिल गई है। जांच रिपोर्ट में निर्दोष पाए जाने पर उर्जा निगम के प्रबंध निदेशक एम० आर० आर्य ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने 30 सितंबर की तड़के करीब चार बजे गुरुकुल नारसन बिजलीघर के आसपास घूम रहे चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा था। पुलिस पुछताछ में पकड़े गए लोगों द्वारा बिजलीघर में लगे वासू स्टील फैक्ट्री के मीटर में छेड़छाड़ की बात सामने आई थी। सूचना पर पहुंची यूपीसीएल की मापक टीम ने मीटर को सील कर जांच के लिए भेज दिया था। मामले में उपनल के कर्मचारी अकरम अली समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें दो फैक्ट्री के कर्मचारी भी शामिल थे। इस पूरे मामले में जांच के बाद यूपीसीएल मुख्यालय ने जांच में कड़ी कार्रवाई करते हुए लंढौरा के एसडीओ और विद्युत वितरण खंड रुड़की के प्रभारी अधिशासी अभियंता गुलशन बुलानी को निलंबित करते हुए उन्हें रुद्रपुर अटेच कर उनकी जगह सहायक अभियंता हरिद्वार अमित तोमर को जिम्मेदारी सौंप दी थी। साथ ही मंगलौर बिजलीघर के एसडीओ अनुभव सैनी को भी निलंबित करते हुए हल्द्वानी भेज दिया था। उनकी जगह एसडीओ झबरेड़ा मोहम्मद रिजवान को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। इसके अलावा नारसन बिजलीघर के अवर अभियंता अभिषेक कुमार पर भी निलंबन की गाज गिरी थी। ऊर्जा निगम के अधिकारियो के निलम्बन से कर्मचारी यूनियन में भी भारी रोष था जिसके विरोध में यूनियन लगातार प्रदर्शन कर रही थी।

वही दूसरी ओर मामले को लेकर ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता गढ़वाल की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी की करीब दो सप्ताह चली जांच में दोनों अधिकारियों के निर्दोष पाए जाने को लेकर प्रेषित रिपोर्ट के बाद उर्जा निगम के प्रबंध निदेशक एम० आर० आर्य ने सोमवार देर रात दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए है।

### ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में खुली बैठक का आयोजन

# नहीं पहुंचे विभाग के अधिकारी, ग्रामीण रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रुड़की ब्लॉक के ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में आयोजित खुली बैठक में कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंच पाए। जिसके कारण समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। वही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ अकेले ही योजनाओं के बारे में जानकारी देते रहे। लेकिन पानी, बिजली, पशुपालन, भूमि समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण खाली हाथ लौटे।

रुड़की के ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में मंगलवार को खुली बैठक बुलाई गई थी। बैठक में पशुपालन विभाग, पेयजल विभाग, बाल विकास विभाग समेत अन्य विभागों को पत्र भेजकर बैठक में मौजूदगी दर्ज कराने के लिए कहा गया था। लेकिन पंचायत स्तर पर हुई बैठक में पशुपालन विभाग, पेयजल विभाग, हल्का लेखपाल नहीं पहुंचे, जिसके कारण बैठक में पहुंचे ग्रामीणों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। वही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ ने लोक योजना अभियान के अंतर्गत सबकी योजना सबका विकास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, पेंशन योजना और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के बारे में बताया। वही बैठक में पहुंचे विकास अधिकारी जोत सिंह पंवार ने ब्लॉक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कार्यों को



पंचायत के साथ मिलकर किया जा हैं। और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा हैं। जब अधिकारियों के नदारत के संबंध में जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित से बातचीत की गई उन्होंने कहा कि बीडीओ से मामले की जानकारी ली जाएगी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जोत सिंह पंवार, ग्राम पंचायत अधिकारी विनीत कुमार गौड़, सुरुचि सैनी प्रधान, आदित्य राज सैनी, राव अजमत, मोनू राणा, राव शफीक डीलर, रहीश राणा, मनोज, ब्रिजेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के मैदान में माध्यमिक विद्यालय ब्लॉक स्तरीय क्रिया ट्रायल प्रतियोगिता में प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ट्रायल क्रिकेटप्रतियोगिता के अंतर्गत नारसन ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरजौली जाट, भारत सिंह इंटर कॉलेज झबरेड़ा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकोला कला, राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज गुरुकुल,पीएम श्री हाई स्कूल बसवा खेड़ी, राजीव गांधी नवोदय शिकारपुर,राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनोता के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के निदेशक एवं मुख्य क्रिकेट प्रशिक्षक अवतार सिंह चौधरी एवं क्रिकेट प्रशिक्षक उमेश के संरक्षण में संपन्न हुआ अंडर 19 बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ी की सूची में फरहान, मन्नत नायक, विकांशु, वंश, आर्यन, आकाश कुमार, शिवम, मोहम्मद जैद, हर्षित, अली, आर्यन शामिल है। अंडर 17 बालक वर्ग में आयान, जुबेर, साहिब , शिव श्याम, शौर्य चंदेल, रुद्र पवार, अभिनव, रुद्र कुमार, लविश कुशाग्र पाराशर, सैयद अली जैदी, कृष्णा, वंश कुमार, आदित्य, भुवनेश कुमार, आलोक, ब्लॉक खेल समन्वक नारसन पवन राणा ने बताया



इस ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता में नारसन ब्लॉक का प्रतिनिधि करेंगे। प्रतियोगिता में राजीव चौधरी, अरविंद चौधरी, सौरभ पवार, विकास, जय कुमार, अनुज कुमार, प्रीति सैनीप्रभात कुमार, एवं आलोक द्विवेदी आदि शारीरिक शिक्षको ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया अंत में ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन पवन राणा ने सभी खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

# पीएम की प्रशंसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर पीएम मोदी की चर्चा की है। उन्होंने भारत को महान देश बताते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनका यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आया है। यह सम्मेलन गाजा में युद्ध विराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। जब वह पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे, तब ट्रम्प ने अपने पीछे खड़े शहबाज शरीफ की ओर देखा, जिस पर शरीफ ने भी उनकी हां में हां मिलाई। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शरीक हुए। वहां उन्होंने ट्रम्प से मुलाकात भी की। भारत ने अपने वही पुराने स्टेंड को दोहराया और कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और गाजा में शांति के लिए समझौते का स्वागत करता है। देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस ऐतिहासिक समझौते का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति होगी। भारत ने राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा शांति योजना का पूरी तरह समर्थन किया और इस शांति के मार्ग को आगे बढ़ाने में मिस्र और कतर की भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार से नवाजने की बात कही है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व में शांति स्थापित होने का श्रेय ट्रम्प व उनकी टीम का है। उनका कहना था कि पाक ने पहले भी ट्रम्प को शांति के नोबेल के लिए नामित किया था और अब वह दोबारा नामित करना चाहते हैं। ट्रम्प ने अपने बयान में उम्मीद जताई कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर होता भी है तो यह मध्य पूर्व में शुरू नहीं होने वाला है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कह डाला कि उन्हें लगता है कि भारत–पाक अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। अब ऐसा उन्हें क्यों लगता है यह तो वही जानें। भारतीय सैनिक अधिकारियों के हवाले से जो बयान आ रहे हैं वह तो इस तरफ इशारा नहीं करते, क्योंकि मंगलवार को प. सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि पाक की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अभी भी जारी है और उन्होंने पाक से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत से लड़ने की स्थिति में नहीं है लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर से कोशिश कर सकता है, लेकिन भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतलब साफ है कि पाक की तरफ से अभी कुछ बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से साथ रहेंगे। भले ही ट्रम्प पीएम मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, और अपना अच्छा मित्र बताते हो, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर उनकी तरफ से ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता, क्योंकि जिस तरह के फैसले उन्होंने भारत के प्रति टैरिफ के रूप में लिए हैं और उससे भी पहले जिस तरह उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा था, इसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता।

## ऊंचे पदों पर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं



आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, वे दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, यह पूरा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचकर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए न्याय है, ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज के लिए कलंक हं।

**–प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव, कांग्रेस**

# बिहार विधानसभा चुनाव: पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बीस साल पुराने मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय होने का न्यायालईय फरमान आया है। इसमें लालू यादव,उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कुछ बड़े होटल मालिक और अफसरों के खिलाफ आरोप तय हुआ है। काफी संभावना है कि अक्टूबर बीतते–बीतते इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और तेज हो। ऐन चुनाव के वक्त इस कार्रवाई को दो नजरिए से देखा जा रहा है। एक यह कि कानून अपना काम कर रहा है और दूसरा यह कि चुनाव के वक्त भाजपा विरोधियों के साथ ऐसा करती रहती है। ए दोनों तर्क अब बिहार की जनता की कसौटी पर है।

इस बीच यदि बिहार की राजनीति में लालू परिवार के राजनीतिक दबदबे को देखें तो पता चलता है कि 2014 के बाद जब जब इस परिवार पर कानूनी शिकंजा कसा गया है तब तब यह परिवार राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर नहीं हुआ है। चाहे 2015 का चुनाव रहा हो या 2020 का। दोनों ही बार गठबंधन में रहकर चुनाव में आए और गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों से अधिक सीटें जीतने में कामयाब हुए। आरजेडी के साथ गठबंधन में लड़े गए 2015 के चुनाव में आरजेडी को 80 सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। जदयू और आरजेडी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। अधिक सीटें जीतने के बाद भी आरजेडी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। 2020 के चुनाव में आरजेडी को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई और जदयू को 49 सीटों पर जीत मिली जबकि भाजपा 74 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा और जदयू गठबंधन की सरकार थी।

बाद में आरजेडी और जदयू की सरकार बनी और अब फिर भाजपा और जदयू की सरकार है। 2015 के मुकाबले 2020 में आरजेडी की सीटें घटकर 75 हो गई वहीं जदयू भी 71 से घटकर 49 पर आ गई लेकिन भाजपा आश्चर्यजनक रूप से 53 से बढ़कर 74 सीटों तक पहुंच गई। 2020 में बढ़ी सीटों को पैमाना मानते हुए 2025 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ बराबर बराबर सीटों पर समझौता किया है ताकि चुनाव परिणाम बाद सरकार के नेतृत्व का फैसला करने में कोई अड़चन न आए। भाजपा गठबंधन यदि सत्ता में वापसी करता है और वह जदयू से दो चार सीटें भी अधिक पा लिया तो नितीश बखूबी जानते हैं कि उन्हें महाराष्ट्र के एक नाथ शिंदे ही होना है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पिछले दो तीन चुनावों से हटकर होने जा रहा है। नीतीश कुमार ने पहले ही बिहार की महिलाओं के लिए ढेर सारी योजनाओं का अंबार लगा दिया है दूसरे प्रधानमंत्री मोदी ने जो 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार नगदी की इमदाद दी है, वह भी कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित करेगा ही।

हालांकि प्रधानमंत्री के इस दस हजार के इमदाद को विपक्ष प्रधानमंत्री के दो लाख के वायदे के सापेक्ष महज झुनझुना करार दिया है लेकिन जनता यह मानें तब न। इसके अलावा 2020 में चिराग पासवान अकेले दम पर चुनाव लड़े थे। माना जा रहा है कि तब वे भाजपा को ही नुकसान पहुंचाए थे इस बार वे 39 सीटों के साथ भाजपा के साथ चुनाव मैदान में हैं। मुमकिन है कि भाजपा के सहयोगी जीतन राम मांझी संतोष जनक समझौता न होने पर भाजपा गठबंधन को थोड़ा बहुत नुक्सान करने की कोशिश करें लेकिन यह कोई गुल खिला पाए,यह मुमकिन नहीं है। इस चुनाव में दूसरा जो बड़ा फैक्टर है वह हैं पीके यानी प्रशांत किशोर। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को अंडर स्टीमेट करना सत्ता की दौड़ में शामिल किसी भी राजनी. तिक दल के लिए भूल होगी।

दो साल में उन्होंने अपनी चुनाव प्रवंधन की विशेष पहचान से अलग एक ईमानदार राजनीतिक चेहरे की पहचान भी स्थापित की है। वैसे भी जो शख्स अपने कुशल चुनावी प्रवंधन से दूसरे को सत्ता दिला सकता है वह क्या अपने लिए थोड़ा बहुत भी नहीं कर पाएगा वह भी उस बिहार में जहां की राजनीति जंगलराज और कथित सुशासन और कुशासन के बीच उलझ कर रह गया हो। कहना न होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पीके के जन सुराज की इंट्री ने मुकाबला तितरफा बना दिया है। जबसे बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी है तब से देखा जाए तो यह साफ दिखता है कि पीके की पार्टी आरजेडी गठबंधन और जदयू गठबंधन दोनों को बराबर बराबर नुकसान पहुंचा रही है। और ये दोनों बड़ी पार्टियां इसे लेकर मुंह भले न खोलें अंदर अंदर परेशान बहुत हैं। 35 साल से आरजेडी और जदयू के बीच उलझा बिहार पीके के रूप में एक तीसरे विकल्प को भी देख रहा है। इस चुनाव में पीके अपनी साफ–सुथरी छवि के लिए खासा चर्चित हुए हैं। जाति से ब्राह्मण प्रशांत किशोर खूब जानते हैं कि जाति के जाल में फंसे बिहार की राजनीति को उसी जाल में फंसाकर ही बदला जा सकता है। जन सुराज के अबतक घोषित करीब 140 उम्मीदवारों को देखें तो जातीय समीकरण का ख्याल बहुत सोच–समझकर कर किया हुआ जान पड़ता है। पीके ने ईमानदार छवि के कुछ पूर्व नौकरशाहों पर भी दांव लगाया है तो भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पूर्व पत्नी ज्योति सिंह को टिकट देकर महिलाओं को आकर्षित करने का इमोशनल कार्ड भी खेला है। बिहार की राजनीति में अन्दर तक पकड़ रखने वाले विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वोटों में थोड़ा–सा झुकाव भी चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। चुनाव बाद बिहार के संभावित सरकार में पीके की भूमिका क्या होगी,यह कहना मुश्किल है लेकिन वे खुद कहते हैं यह चुनाव उनकी आगे की राजनीति के लिए अर्श या फर्श जैसा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नतीजा वही जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही



हफीज किदवई



लाखों मौतों के बाद गिद्धों ने कहा कि चलो अब पेट भर गया। अब शांति की बात की जाए। वह बात जो ठीक 777 दिन पहले भी हो सकती थी। वह बात जो कोई भी, कभी भी कर सकता था। मगर जब लाखों घर ढह गए, इंसान मर गए, शैतान भी बेरहमी से चीख उठा,बच्चों की लाशें चिंदी चिंदी करके वहशी खा गए, तब बात फिर वहीं पहुंची, बात. चीत और शांति। यह सब उस मिस्र में इकठे होकर शांति के समझौते को रख रहे हैं। जिस मिस्र ने गजा में मदद तक न पहुंचने दी थी। यह वह जॉर्डन और मिस्र हैं, यह वह अरब हैं, जिनकी किताबों में दर्ज था कि अगर पड़ोसी भूखा है, तो तुम पर खाना हराम है। इनका पड़ोसी भूखा तो छोड़िए, तबाह हो बर्बाद हो गया, यह अय्याशियों में मस्त रहे। जब इनकी आवाम ने सुर्ख आंखे दिखाई और एक हलचल पैदा हुई कि अगर तुमने हरकत न करी, तो तख्त उलट जाएंगे। तब यह पलटे और मिस्र में इकठे हो गए।

अमरीका के पिछलग्गुओं ने देर ही में सही,कम से कम इतनी तबाही के बाद एक फिक्र को अमली जामा पहनाया। अब कम से कम यहीं से उस मिट्टी पर सुकून आ जाए। अब यहां से ही सही, फलस्तीन एक नई शुरुआत करे। उसे सब मिलकर वैसे ही उसकी जमीन पर रोप दें और मदद करें। जैसे तमाम तबाह हो चुके यहूदियों को एक बार रोपा गया था। फिलिस्तीन नाम का मुल्क अगर जमीन पर उभर आया तो यह मीटिंग का कुछ तो फायदा होगा वरना बस यही है कि जमीन जायदाद और जान छीनकर खामोश कर दिया। यह एक तारीखी पहल हो सकती है। यहीं से उम्मीद के रास्ते बन सकते हैं। इसीलिए दुनिया के तमाम लीडर्स यहां इकट्ठे हैं मगर फिर भी अगर यहां चीन और रूस होते, तो कदम ज्यादा ठोस मालूम देते। यह तो अमरीका के दोस्त इकट्ठे हुए हैं। उसकी नाजायज औलाद इजराइल के किए को लीप रहे हैं। देखते हैं कि पूरा लिप जाता है या नहीं, क्योंकि सबकी नियत में लालच और खोट है, सबकी आंखों में अमरीका का खौफ भी है।

गजा की तबाही हमारी पीढ़ी की देखी सबसे खौफनाक कहानी है। हमने अपनी आंखों से बच्चों, औरतों, नौजवानों, बूढ़ों, जानवरों, इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों को जमीन में मिलते देखा है। हमने इंसानियत पर सबसे बड़े जुल्म को होते देखा है। भूख से पिचके पेट, धंसी आंखे, सूखे होंठ और बच्चों के गालों पर झुर्रियां देखीं हैं। यह सब एक समझौते से मिट नही जाएंगी, दर्द रहेगा, सदियों रहेगा,बस सुकून आ जाए।

हम शांति चाहते थे। किसी भी हाल में शांति ही हमारा पहला मकसद था। इसलिए जब युद्ध रुका और इन सबों ने शांति के लिए कदम उठाया। सारी दुनिया यहां इकट्ठी हो गई। तो बस यही सुकून है कि चलो, मौत का नंगा नाच तो रुकेगा। बाकी सियासत, कूटनीति और बंदरबाट एक तरफ, कम से कम मौत तो रुकीं। मरना तो रुका। बस इतने के लिए यह कदम ठीक ही लग रहा है। आज से ही सही, उम्मीद और सुकून का रास्ता बन जाए। अरब अपने पड़ोस की इस तबाही को अपनी मदद से भर सकें। जमीन का यह हिस्सा भी अपने हिस्से की सुकून और तरक्की को पा सके। यहीं से ही सही,कम सेकम शांति की बात बढ़ चले। इतना ही बहुत है। आखिर में बस इतना,तमाम मतलबपरस्त मिलकर कोई फैसला ले रहे हैं। इसमे सिर्फ एक बात ही पक्की हो जाए कि अब और मौतें नहीं, अब और तबाही नहीं। दुनिया का हर मसला आखिर में बातचीत की मेज पर ही आता है । यही बात 7 दिन, 77 दिन पर हो सकती थी मगर 777 दिन लग गए। नतीजा वही,जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही, बातचीत। बस अब से यहां सुकून आ जाए,यही दुआ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस दीपावली में लाएं चेहरे पर सोने सा निखार



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। दीपोत्सव के पावन दिन हर महिला रंगों की तरह दमकना चाहती है ध्लेकिन इसके बिपरीत पहले नवरात्रों में डांडिया की धूम की बजह से घर से बाहर रहने और फिर दीवाली के लिए घर की साफ सफाई, डेकोरेशन ,लाइटिंग तथा शॉपिंग की जिम्मेदारी की बजह से से त्वचा धूल ,मिट्टी और प्रदूषण के सम्पर्क में आने से करना एकदम खराब हो जाती है। घर की साज सज्जा और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारियों की बजह से ज्यादातर महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती हैं जिसकी बजह से पावन दिन पर उनका चेहरा बुझा, थका और उदास सा दिखने लगता है, लेकिन इसके लिए आपको टेंशन लेने की कोइ बात नहीं है। अगर आप इस त्योहार पर ग्लोइंग स्किन पाना चाहती है तो अभी से अपने लिए कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर दीजिए जिससे आप नेचुरल ग्लो के साथ सब के साथ अलग और खूबसूरत दिखें और आपके चेहरे से प्रकृतिक आभा झलके आपको महज कुछ सौन्दर्य सावधानियां अपनानी होंगी तथा बाजार के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू ऑर्गनिक प्रसाधनों का उपयोग करना होगा जोकि आपकी बाटिका तथा किचन कैबिनेट में मौजूद हैं। इस अबसर पर परम्पारिक घाघरा–चोली, साड़ी, कुर्ता, सलवार के साथ आर्गेनिक सौन्दर्य प्रसाधनों से आपके सौन्दर्य को चार चांद लग जाएंगे तथा आप इस खास दिन आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। घरेलू आर्गेनिक नुस्खे अपनाकर न केवल आप त्यौहार में अपनी रंगत निखार कर इस उत्सव की आभा बढ़ा सकती हैं बल्कि आपके चेहरे का आकर्षण त्यौहार में चार चांद लगा सकता है। दिवाली के साथ–साथ मौसम भी करवट लेता है। इस मौसम में ठंडक बढ़ जाने से दिनों दिन बाताबरण में आद्रर्ता की कमी आनी शुरू हो जाती है जिससे त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है। आपके होंठ ,चेहरे, त्वचा तथा बालों पर ठंडक की मार साफ झलकने लगती है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी के साथ ही त्वचा का प्रकृति संतुलन बिगड़ना शुरू हो गया है तथा त्वचा में रूखापन आने के साथ ही त्वचा में चकते ,फोड़े, फुन्सिया, मुहांसे पैदा हो जाते हैं तथा बाल रूखे सूखे होकर बेजान तथा निर्जीव लगने लगते है। इसलिए त्वचा में नमी बनाए रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौसम में सामान्य तथा सूखी त्वचा को जैल के साथ दिन में दो बार साफ करना चाहिए। क्लीनजर से त्वचा की हल्के तरीके से मालिश कीजिए तथा विषैले एवं गन्दे पदार्थो को गीले कॉटन वूल से हटा दीजिए। इसके बाद त्वचा पर कॉटनवूल के मदद से गुलाब जल तथा त्वचा टानिक का प्रयोग कीजिए। इस दौरान वाताबरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है तथा वातावरण में रासायनिक वायु प्रदूषण, गन्दगी तथा कालिख एवं मेल विद्यमान रहती है। इन सबसे त्वचा सम्बन्धी विकार पैदा होते है। शहरों में रहने वाली महिलाओं को रात्रि में अपने अंगों की सफाई आवश्यक रूप से करनी चाहिए। रात्रि में सभी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शरीर में हटा देने चाहिए क्योंकि इनसे त्वचा में रूखापन आ जाता है तथा त्वचा का प्राकृतिक अम्लीय–क्षारीय संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे त्वचा ड्राई हो जाती है। हालांकि मौसम में ठण्डक जरूर आ गई है लेकिन दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यदि आप कामकाजी महिला हैं तथा दिन भर खुले बाताबरण में सफर करती हैं तो सुबह घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए तथा यदि आप घर के अन्दर रह रही है तो त्वचा पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। आज कल बाजार में माइस्चराईजर क्रीम तथा तरल रूप में उपलब्ध है। रूखी त्वचा के लिए रात्रि में क्लीजिंग के बाद नरीशिंगध्पौषक लगाकर इसे पूरे चेहरे पर मल लीजिए तथा बाद में कॉटनवूल की मदद से इसे साफ कर लीजिए। जिसके बाद आप त्वचा पर सीरम लगा लीजिए।

तेलीय त्वचा को भी माइस्चराईजर की जरूरत होती है। अगर तैलीय त्वचा पर क्रीम लगाई जाए तो कील मुंहासे उभर आते है। तैलीय त्वचा में नमी प्रदान करने के लिए एक चम्मच शुद्ध गलीसरीन में 100 मिली लीटर गुलाब जल मिलाऐं। इस मिश्रण को फ्रिज में एयरटाईट जार में रखे। इस मिश्रण को क्लीनजिंग के बाद उपयोग कीजिए। उससे त्वचा में तैलीयपन की बजाय नमी का प्रभाव आता है। त्वचा को साफ करने के लिए दूध या फेसवॉश का उपयोग करें। फेसिअल स्क्रब से चेहरे की त्वचा में लालिमा तथा चमक आती है। हफ्ते में दो बार फेसिअल स्क्रब का उपयोग करना चाहिए। पीसे हुए बादाम या चावल पाऊडर को दही तथा थोड़ी सी हल्दी में मिलाईए। आप इसमें सूखा तथा पाऊडर संगतरा व नींबू के छिलके मिला लीजिए। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे की हल्की अहिस्ता से मालिश कर लीजिए तथा बाद में कुछ समय बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। दिन में घर में बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगा लीजिए। आप अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार सनस्क्रीन लोशन या क्रीम को उपयोग में ला सकती है। आपको दिन में क्रीम, पौषाहार तथा रात्रि में भी रात्रि क्रीम तथा सीरम का उपयोग करना चाहिए। दीवाली त्यौहार अपने साथ सर्द ऋतु की सौगात लाती है। प्रतिदिन चेहरे पर 10 मिनट तक शहद लगाइए तथा बाद में इसे ताजा स्वच्छ जल से धो डालिए। यदि आप के घर में घृतकुमारी या एलोवेरा का पौधा लगा है तो इसकी आन्तरिक हिस्से की पत्तियों में विद्यमान जैल को चेहरे पर नमी तथा ताजगी प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। गाजर को रगड़कर इसे चेहरे पर 15–20 मिनट तक लगाऐ। गाजर विटामिन 'ए' में भरपूर मानी जाती है तथा सर्दियों में त्वचा को पौषाहार प्रदान करने में काफी सक्षम होती है। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक मानी जाती है। आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सूखा दूध् का पाऊडर मिलाईए। इन सबका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लीजिए तथा 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। यह मिश्रण सूखी तथा सामान्य दोनों प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक साबित होता है मेयोनेज या अण्डे का योक चेहरे पर लगाने से सभी प्रकार की त्वचा में सूखेपन से राहत मिलती है। सप्ताह में दो बार बालों की तेल से ट्रीटमेंट करें। जैतून के तेल को गर्म करके इसे बालों तथा खोपड़ी पर मालिश करें। इसके बाद तौलिए को गर्म पानी में डुबोए तथा पानी को निचोडने के बाद तोलिए को सिर पर पगड़ी की तरह पांच मिनट तक लपेट लें। इस प्रक्रिया को 3–4 बार दो. हराएं तथा इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में आसानी होती है। अण्डे का सफेद हिस्सा तैलीय बालों को प्राकृतिक क्लीनजर का अदभुत कार्य करता है था इसके प्रोटिन तत्वों से शरीर को सुदृढ करने में प्रभाव मदद मिलती है। अंडे में सफेद हिससे को बालों को शैम्पू करने से आधा घण्टा पहला लगा लीजिए। बालों को पोषण प्रदान करने के लिए अण्डे के योक से खोपड़ी को हल्की–हल्की मालिश कीजिए तथा इसे आध घंटा तक रहने दीजिए तथा बाद में बालों को ताजे स्वच्छ पानी से धो डालिए। इससे बाल मुलायम हो जाते है। यदि आप दीवाली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए घर में कड़ी मेहनत कर रही है तो आपको कुछ टिप्स कापफी मददगार साबित हो सकते है। त्यौहार में पहले आप नरव प्रसाध्न तथा पादचिकित्सा अवश्य कर लीजिए। वास्तव में हाथ तथा पांवों को गर्म पानी में डुबोने के बाद क्रीम से मसाज कर लीजिए ताकि त्वचा कोमल तथा मुलायम बन जाए। हाथों के सौंदर्य के लिए उन्हें चीनी तथा नींबू जूस से रगड़ लें। दीवाली त्यौहार से पहले वैक्सिंग तथा थ्रेडिंग की ओर भी हल्का सा ध्यान देना न भूले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सीओपी ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर सहमत जताई

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में आगामी 2025 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की है। शिखर सम्मेलन के प्रभारी ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के जलवायु, ऊर्जा एवं पर्यावरण सचिव तथा सीओपी30 के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने ब्रासीलिया में आयोजित प्री-सीओपी30 बैठक के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करने की इच्छा पर स्पष्ट सहमति है और सभी ने इसका उल्लेख किया।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 की मौत

**काराकस।** दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालि. का के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमज़ोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं।

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

**मॉस्को।** रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गर्वनर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है।

### वेनेजुएला का नार्वे दूतावास बंद करने का ऐलान

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कघी आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। लोग मानते हैं कि वह देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और स्वयं भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सुमाचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं।

# गाजा में इजरायल ने मचाई 13 एटम बमों जितनी तबाही

## मलबा हटाने में ही लगेंगे 15 साल, 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त




**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी आज एक भूगोल नहीं, बल्कि बारूद में झुलसे मानवीय त्रास का प्रतीक है। इजरायल ने गत दो वर्षों में करीब 2 लाख टन विस्फोटक बरसाए हैं। यह इतना बारूद है जो 13 परमाणु बमों के साझा असर के बराबर है। हमास की जिद का मूल्य गाजा को एक लाख से अधिक मौतों के रूप में चुकाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट रिकंस्ट्रक्शन इंडेक्स ऑफ गाजा के अनुसार, इस तबाही में 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर हैं।

गाजा मानव निवास के लिए अयोग्य क्षेत्र है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी के घर या तो ढह गए हैं या रहने लायक नहीं बचे। 95 प्रतिशत से अधिक बहु मंजिला इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूएनडीपी और विश्व बैंक के साझा सर्वेक्षण कहता है, गाजा में अब 6 करोड़ टन से अधिक मलबा फैला है। यह मात्रा सीरिया के अलेप्पो युद्ध के दौरान हुए कुल विनाश से तीन गुना अधिक है। मलबा हटाने की अनुमानित लागत 24 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड रुपये) है जो फलस्तीनी वार्षिक जीडीपी से 4 गुना है। इंजीनियरिंग परिषद के आकलन में कहा गया है कि मौजूदा संसाधनों के आधार पर सिर्फ मलबा हटाने में ही 12 से 15 साल लगेंगे और तब जाकर किसी नए निर्माण की शुरुआत संभव होगी। इसलिए गाजा का पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती है। तबाही का सबसे भयावह पहलू मानव जीवन की हानि है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय राहत एजेंसी, डब्ल्यूएचओ और यूएनआरडब्ल्यूए की अक्टूबर 2025 तक की समेकित रिपोर्टों के अनुसार गाजा में करीब 1.52 लाख लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 1.8 लाख मौतों की पुष्टि हुई है व 43 हजार से अधिक लोग मलबे में दबे या लापता हैं। घायलों की संख्या 3.72 लाख से अधिक है, जिनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं-बच्चे हैं। मृतकों में 423 स्वास्थ्यकर्मी, 179 पत्रकार और 247 संयुक्त राष्ट्र राहतकर्मी हैं जो कर्तव्य निभाते हुए हमलों का शिकार बने। हमास की तरफ से इजरायल के 20 बंधकों को गाजा युद्धविराम के तहत रेड क्रास को सौंपते ही इजरायलियों में जश्न शुरू हो गया। पश्चिम एशिया समेत पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध खत्म होने से गाजा और इजरायल दोनों जगह लोगों ने उत्सव मनाया। लेकिन युद्धविराम और बंधकों की रिहाई संबंधी शांति योजना सिर्फ पहला कदम है। अगले कदमों पर प्रतिस्पर्धी मांगें बरकरार हैं। इस कारण युद्ध की वास्तविक समाप्ति पर अनिश्चितता है। इजरायली बंधकों को रिहा करते वक्त हमास ने कहा कि 1900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है।

### सांसद कीर्तिवर्धन सिंह गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के गोंडा लोकसभा सीट से सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शर्म अल-शेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सह-मेजबानी में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से मंगलवार को यह जानकारी दी। जायसवाल ने लिखा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी।



चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार के सदस्यों से मिलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# ढाका में केमिकल गोदाम-कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग, नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीरपुर इलाके के शियालबाड़ी में मंगलवार को एक रसायनिक (केमिकल) गोदाम और कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा अचानक हुआ और आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल से कई झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के अधिकारी तल्हा बिन जसीम ने बताया कि आग रूपनगर इलाके में स्थित बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलाजी (बीयूबीटी) के पास लगी। केमिकल गोदाम से शुरू हुई आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। मामले में फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के ऑपरेशन्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने जानकारी दी कि मृतकों के शव कपड़ा फैक्ट्री की दूसरी और तीसरी मंजिल से बरामद किए गए हैं।

### डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

**सिडनी।** नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं।

# दोस्तों को बचाकर खुद हमास के चुंगल में फंसा था बिपिन

**■ इजरायल को सौंपा गया बंधक बिपिन जोशी का शव**

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बंदियों की अदला-बदली का दौर शुरू हो चुका है। हमास ने 20 जीवित बंदियों को रिहा किया। इसी के साथ दूसरी तरफ हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड्स ने 4 मृत इजरायल बंधकों के नाम सार्वजनिक कर, उनके शव सौंप दिए हैं, जिनमें से एक हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। हमास ने अपहृत बंदी बिपिन जोशी का शव दो साल से ज्यादा समय के बाद इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान बिपिन जोशी को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ उसके 4 दोस्तों को बचाया था। बिपिन जोशी, जो कि नेपाली छात्र थे, हमास के हमले के समय 22 वर्ष के थे और गाजा सीमा के पास किबुत्ज़ अलुमिम में एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेपाल से आए थे। माना जाता है कि वह गाजा में जीवित बचे एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। सोमवार देर रात हमास ने उनका शव इजरायली अधिका. रियों को सौंप दिया।

# भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ WHO की चेतावनी

## इन सिरप से जान को खतरा, कोल्ड्रिफ भी शामिल, MP में इससे 25 बच्चों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितम्बर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथारिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित फैक्ट्री से सोमवार रात अधिकारियों ने कोल्ड्रिफ के सैंपल जब्त किए। श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपु. रम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीट) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48 प्रतिशत जहर एमपी में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त की गई थी।




सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी

# अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

**■ पाक पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले: संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है, दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए- तालिबान पाक (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। बार्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बार्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं।

# यूएन महासभा में बोले भाजपा सांसद: पाकिस्तान उपदेश न दे



**■ पहले आईने में चेहरा देखे, महिलाओं-बच्चों को निशाना बनाना बंद करे**

**न्यूयार्क।** भाजपा नेता और लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उसकी हार का हवाला दिया। पाकिस्तान पर बच्चों और आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे (सीएएसी) के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के एजेंडे पर एक सेशन को संबोधित कर रहे थे। निशिकांत ने कहा कि पाकिस्तान को खुद को आईने में देखना चाहिए, इस मंच पर उपद. ेश देना बंद करना चाहिए, अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए और अपनी सीमाओं के पार महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बंद करना चाहिए। निशिकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए बेहतर वातावरण बनाना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। भारत के प्रयासों की सराहना करने के लिए हम विशेष प्रतिवे. दक का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने भारत में चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी पहलों का उल्लेख किया। यह हेल्पलाइन खतरे में पड़े बच्चों को इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइड करती है। हमारी उज्ज्वला योजना तस्करी और यौन शोषण से बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर केंद्रित है। दुबे ने कहा कि दूसरी ओर, पाकिस्तान में बिल्कुल उलटा है। वह एक ऐसा देश है जो सीएएसी एजेंडे के सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।

# भारत में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगा गूगल

**■ कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही: थामस कुरियन**

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल भारत में बड़ा निवेश करने जा रहा है। गूगल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है।

इस निवेश के तहत कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक विशाल डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। गूगल के मुताबिक, यह अमे. रिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन ने दिल्ली में आयोजित समझौता कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह हमारे लिए अमे. रिका के बाहर सबसे बड़ा एआई हब निवेश है। भारत अब ग्लोबल टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश भी मौजूद रहे। यह समझौता आंध्र प्रदेश में तेजी से बढ़ती डिजिटल इकानमी को गति देने वाला माना जा रहा है।

# सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11 वां टेस्ट कामयाब

## दूसरी बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग



**■ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया**

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई।

वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वाटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में राळकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। फ्लाइट एक्सपेरिमेंट्स से नेक्स्ट-जनरेशन बूस्टर के लिए जरूरी जानकारी इकट्ठा की गई। व्हीकल के संवे. दनशील हिस्से को टेस्ट करने के लिए वहां से कुछ टाइल्स हटा दी गई थीं। बूस्टर के लैंडिंग बर्न के दौरान एक खास इंजन कॉन्फिगरेशन का प्रदर्शन किया गया। लैंडिंग के अंतिम चरण में तीन सेंटर इंजनों में से एक को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि यह जांचा जा सके कि मिडिल रिंग का बैकअप इंजन लैंडिंग को पूरा कर सकता है या नहीं। मिशन में आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ी गई। अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन को दोबारा चालू करने का टेस्ट भी किया गया, जो कामयाब रहा। स्टारशिप के सुपर हेवी बूस्टर की अमे. रिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप का 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था, जो कामयाब रहा था। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए। स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है।

# मंगोलिया के नागरिकों को मिलेगा नि:शुल्क ई-वीजा

**■ भारत मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार: मोदी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगो. लिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की और कहा कि दोनों के बीच आध्यात्मिक संबंधों तथा परंपराओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगो. लिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों देशों ने संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया जो साझा विरासत, विविधता और गहरे सत्यतागत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निघ्शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108